MR. SPEAKER: Please do not walk between the Chair and the hon. Member who is speaking on the floor of the House.

श्री अविनाश राय खन्ना : अध्यक्ष महोदय, होशियारपुर से एक ट्रेन जालंधर के लिए जाती है। होशियारपुर के काफी लोग हरिद्वार टैक्सियों में जाते हैं। अगर होशियारपुर से उस ट्रेन में एक डिब्बा हरिद्वार के लिए लग जाये तो वह बहुत बड़ा काम मेरे इलाके के लिए हो सकता है। होशियारपुर फगवाडा को रेल मार्ग से जोडा जाना चाहिए ।

मैं आपका ध्यान लुधियाना के एक रेलवे स्टेशन की रेल लाइन की ओर दिलाना चाहता हूं। उस संबंध में एक बहुत बड़ी रिपोर्ट पेपर में पब्लिश हुई थी कि कितनी रेल गाड़ियां उस रेलवे स्टेशन से पलटी हैं। वह रेलवे ट्रैक काफी कमजोर है। उस रेल लाइन से शताब्दी और काफी एक्सप्रैस गाड़ियां निकलती हैं। मेरा निवेदन है कि उस रेल लाइन को रिपेयर करने की जल्दी कोशिश की जाये।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आपने अपने बजट भााण में वृद्ध लोगों के लिए टिकट में जो कन्सेशन दिया है, उसको सुनकर काफी लोग मुझसे मिले। उनकी इच्छा है कि जो 30 परसेंट की रियायत है, अगर वह 50 परसेंट हो जाये तो वृद्ध लोग आपके काफी ऋणी होंगे।

अंत में मैं कहना चाहूंगा कि काफी इंतजार के बाद मुझे बोलने का मौका मिला। मेरी सिर्फ दो बातें हैं। जेजो से होशियारपुर तक चलती ट्रेन के साथ एक डिब्बा और लग जाये तो हम आपके बड़े ऋणी होंगे।

MR. SPEAKER: Thank you for your cooperation. Shri Asaduddin Owaisi.

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Thank you, Sir. I had doubts in my mind whether I would get a chance to thank the UPA Government and its Railway Minister for not increasing the passenger fares and the freight charges.

MR. SPEAKER: Shri Asaduddin Owaisi, please be brief. You have three minutes at your disposal.

SHRI ASADUDDIN OWAISI : Sir, I will conclude my speech within three minutes. The Railway Minister has tried to be pragmatic, as he did not want to burden the common man.

Indian Railways is the second largest system under a single management in the world, the first being Russia. Every day, 14,400 trains in India carry 140 lakh passengers and 14 lakh tonnes of freight.

The Government support to the Indian Railways has been declining and is currently around five per cent of the total revenue, that is, the budgetary support minus the dividend paid to the Indian Railways. The Indian Railways also

has more than Rs. 4,000 crore worth of social obligation. This has resulted in asset rehabilitation arrears estimated to be around Rs. 17,000 crore.

According to the former Railway Board Chairman Shri V. K. Agarwal, the market share of the Indian Railways has gradually declined since 1950 - 1951 from 80 per cent to 40 per cent in freight traffic, and from 68 per cent to 20 per cent in passenger traffic. This has adversely affected both the Railways and the Indian economy, as railways are fuel-efficient.

Sir, I am very thankful to the hon. Railway Minister for increasing the Budget allocation for safety-related issues to 8.8 per cent, that is, Rs. 3,900 crore. I have been listening to various speeches made from the other side. They have been very vociferous in criticising the Railway Minister. But according to the documents that have been provided to us, the number of passengers who have been killed from 1998 to 2003 -- when the other side was in power, that is, the NDA -- is 900 plus passengers.

An amount of Rs. 3,443.06 lakh was paid as compensation. Moreover, when they have criticised our Railway Minister, I would like to remind them that the ex-Prime Minister's nephew was killed in a train, and then they have the cheek to criticise the present Railway Minister. I am sorry that they have forgotten all these facts and figures.

Coming to the crux of the matter, I have two complaints to make to the hon. Railway Minister. The first is that he has completely forgotten Andhra Pradesh. Our State has given 37 MPs to UPA, that is one-sixth of the total strength. We have defeated the so-called 'Hi-Tech' administration. Mr. Lalu Prasad had shown the *lathi* over there; we have shown that *lathi* to TDP and BJP over there. We did not get a single line, a single train and not even a single electrification project. Moreover, Sir, the budgetary support for Andhra Pradesh has only been increased by Rs. 12 crore: from Rs. 756 crore in 2003-04, it has been increased to Rs. 768 crore. Only surveys and surveys have been given to us.

I will request the hon. Minister, through you, Sir, that for the second phase of the Multi-Model Transport System, no fund has been given. The need of the hour for Hyderabad is: 'Kindly give us MRTS'. The Detailed Project Report (DPR) has been done by the Delhi MRTS. Please give us MRTS.

The second issue is regarding the Godhra incident. I have a complaint to make to the hon. Railway Minister. As soon as he became the Railway Minister, the first thing he has said is that he has called for the Godhra inquiry report. We expected that in his Railway Budget Speech, he would announce a new inquiry on the Godhra incident. It is a known fact that in the *Outlook* issue of July 5, the interview of the hon. Railway Minister is there. Our demand is that he should table a copy of the internal inquiry report of the Railway Protection Force. Let all the people know as to what are the true facts in regard to Godhra incident. Let him table the names of people who were travelling in 'S-6' Coach and the people who have died over there.

Lastly, this is a very important issue. Mr. Lalu Prasad should table that inquiry report, and should order a new inquiry on Godhra. It is because of one incident that thousands and thousands of innocent people were massacred. I will request the hon. Minister to please name an Express Train in Gujarat by the name of the late Ahsan Jaffrey who, along with his family, was brutally murdered. Justice should be done.

Lastly, 20,000 people are going to be recruited. The Railway Minister has made announcements that 8,000 vacancies in RPF are going to be filled up; and 11,000 new posts have been created. The Railway Minister has been very direct in saying that it is the General Managers and not the Board who will fill up these posts. I will request him to please issue orders that the minorities should be given substantial representation because our CMP talks about it. This is a very important issue.

लालू जी, हैदराबाद के लिए आप हमें एमआरटीएस दीजिए। गोधरा के मामले में दुबारा इन्क्वारी आर्डर कीजिए। आपको जालिमों को कैफिर-ए-किरदार तक पहुंचाना पड़ेगा। हमें आपसे पूरी उम्मीद है। जिन लोगों ने मुसलमानों का कत्ले-आम किया, उनको जरूर सजा दिलवाइए, उनको जेल में डालना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have made very good points. Now, I give the floor to Dr. Arun Kumar Sarma.

...(*Interruptions*)

श्री अनिल बसु (आरामबाग) : लालू जी, गोधरा कांड में जो कुछ हुआ, आप उस जानकारी को हाउस के साथ शेयर कीजिए, छिपाकर क्यों रखते हैं।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have already laid your speech, Shri Basu.

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI LALU PRASAD): I have not answered yet; I have to answer every question. I am sitting here and I am watching everything. ...(*Interruptions*)

श्री अनिल बसु : यहां बजट पर डिस्कशन हो रही है। आप गोधरा कांड की जानकारी हाउस के साथ शेयर कीजिए, इसमें क्या दिक्कत है।â€¦ (व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : देंगे।

MR. SPEAKER: Shri Basu, do not be impatient. Please wait for the Minister's reply. Now, I give the floor to Dr. Arun Kumar Sarma. Please cooperate, Dr. Sarma.

DR. ARUN KUMAR SARMA (LAKHIMPUR): Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity. I must congratulate the hon. Railway Minister for the populist measures that he has announced in his recent Railway Budget Speech, like introduction of Khadi, abolishing the use of plastic, free travel for the candidates and porters and some other welfare measures. However, at the same time, I cannot welcome this Budget being a Member representing one of the seven North-Eastern States.I say this because the entire North-Eastern region has been discriminated against in this Railway Budget.

अध्यक्ष जी, यह मेरा अनुभव है। मैं बोलने के लिए मजबूर हुआ हूं कि लालू जी ने उत्तर पूर्वांचल को वंचित करने के लिए कांग्रेस की जो नीति है, उसका अनुसरण किया है। जब लालू जी असम गये थे तो वहां उन्होंने डिक्लेअर किया था कि जब वह सत्ता में आएंगे, असम की मदद करेंगे। लेकिन जब सत्ता में रेलवे मिनिस्ट्री मिली तो असम के लिए उनका कोई ज्यादा दर्द हम लोग नहीं देख पाए। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले दिनों में उत्तर पूर्वांचल के जितने सांसद हैं, उन सबकी लालू जी एक बैठक बुलाकर हमारी जो समस्या है, उसको वह सुलझाने की कोशिश करेंगे।

Mr. Speaker, Sir, I just want to mention a few aspects in which our region has been discriminated. Our State has been discriminated against mainly in the matter of extension of electrified lines. Not a single kilometre of electrified line is proposed to be added in the North-East. We demand that the railway line up to Guwahati be electrified. Out of the 1000 kilometres of railway line taken up for gauge conversion this year, not a single kilometre lies in the North-East.

For the Rs.900 crore gauge conversion project of Rangia-Murkongchelek section, a meagre amount of Rs.3 crore has been sanctioned this year. This project requires more money. More money should be released for this project and gauge conversion work on this line should be started. Survey for gauge conversion of the 3.5 kilometre Dangori-Saikhowa line has been completed. I request that sanction for this project be accorded within the current financial year. Gauge conversion of Dhuburi-Golokganj section must also be taken up.

Coming to introduction of trains, only one new train has been sanctioned for the entire North-Eastern region and that goes up to Jharkhand only. I request the hon. Railway Minister that more trains be introduced from the South bank of Brahmaputra *via* Jogighopa bridge and that frequency of trains to important places in the South like Mumbai and Bangalore be increased.

Coming to the reservation policy followed in the Railways, there has been a demand for recruitment to Group-D and Group-C posts on regional basis. I request the Ministry of Railways to take up this issue very seriously and provide for 100 per cent reservation to local youths of every region in the country for recruitment to these categories of posts.

I request the hon. Railway Minister to take up the Lakhimpur and Rangia railway stations to be shaped as model railway stations in the North-East Frontier Railway. I also request that Kathal Pukhuri railway station be improved and a railway overbridge at Nakari of North Lakhimpur be constructed.

At present, there is only one road-cum-rail bridge in Guwahati which is located at Saraighat. That is an outdated bridge constructed in the year 1962. It needs immediate replacement. I request that an alternative road-cum-rail bridge be constructed in Guwahati to ease the present congestion.

On the point of new lines, I request that a line from Guwahati to Sarthebari via Mukalmua be laid. This has been a longstanding demand of the people of Assam. Perhaps the survey work of this line is already complete. I request that this project be taken up this year.

For Moinaguri-Jogighopa new line, which is an alternative route to the North-East, and also for Bogibeel bridge, only Rs.40 crore each have been provided. I request that more money be allocated for these two projects.

Lastly, I draw the attention of the hon. Railway Minister to the inconvenience being caused to passengers of the North-East and other regions of the country travelling through Bihar. That could all be the ploy of some people who want to denigrate the hon. Railway Minister. The Railway Minister should, therefore, pay greater attention to this issue and take corrective measures in order to ensure that adequate protection is provided to the passengers travelling through Bihar.

With this, I thank you once again for giving me this opportunity.

19.00 hrs.

7

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करते हुए कहना चाहता हूं कि इस रेल बजट में राजस्थान की उपेक्षा तो की ही गई है, साथ ही राजस्थान का जो दक्षिणी सम्भाग है, जहां सबसे ज्यादा आदिवासी हैं, उसकी भी पूरी उपेक्षा की गई है. रेल बजट पेश करने से पहले हम लोग रेल मंत्री जी से मिले थे। हमने उनसे कहा था कि यह सम्भाग रेल की दृटि से काफी पिछड़ा हुआ है इसलिए रेल बजट में आप कोई न कोई प्रावधान इस सम्भाग के लिए जरूर करें, जिससे यह क्षेत्र भी विकसित हो सके। ज.जा. आबादी की दृटि से जरूर हम लोग पिछडे गिने जाते हैं, किंतु मिनरल्स की दृटि से उदयपुर सम्भाग पूरे राज्य में सबसे अग्रणी है। वहां चार तरह का मार्बल ग्रीन, पिंक, व्हाइट और ग्रेनाइट काफी पाया जाता है। इसके साथ ही वहां लाइम स्टोन, सॉफ्ट स्टोन और जिंक भी हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा पैदा होता है और खनन होता है। वहां रेल के अभाव में इन उत्पादों को अंतर्राट्रीय मंडियों तक पहुंचाने में काफी तकलीफ होती है। मैं रेल मंत्री जी को यह बताना चाहूंगा कि अगर हमारे उदयपुर सम्भाग में बड़ी रेल लाइन बिछा दी जाती है, तो उसका लाभ भाड़े के रूप में रेलवे को भी होगा। उदयपुर के व्यापारी पूरे भारत में व्यापार के लिए जाते हैं, उनको भी आने-जाने में इससे सुविधा होगी। हम लोग जब उदयपुर से आते हैं तो दिल्ली आने के लिए केवल एक ही सीधी रेलगाड़ी है और वह पूरे 20 घंटे में यहां पहुंचती है। इसका कारण यह है कि हमारे यहां ब्राडगेज लाइन नहीं है।

हमारा एरिया सैन्य दृटि से भी काफी महत्वपूर्ण है। नागौर, सीकर और झुंझूनू के बाद उदयपुर सम्भाग से ही देश की सेवा करने के लिए लोग फौज में हैं। उनको देश के कोने-कोने में आना-जाना पड़ता है। उनके लिए भी सीधी रेल लाइन की सुविधा नहीं है। रेल मंत्री जी ने अपने रेल बजट में अजमेर से उदयपुर के बीच रेल लाइन के आमान परिवर्तन की बात कही है, लेकिन काम सिर्फ चित्तौड़गढ़ से उदयपुर के बीच ही शुरू हो रहा है। अजमेर से उदयपुर के लिए भी आमान परिवर्तन कराने का प्रावधान रेल मंत्री जी करें, तो बड़ी कृपा होगी।

इसी तरह से दक्षिण भारत में जाने के लिए, अहमदाबाद और मुम्बई जैसे औद्योगिक शहरों में जाने के लिए उदयपुर के व्यापारियों को काफी दिक्कत होती है। उदयपुर से अहमदाबाद वाया हिम्मतनगर को बड़ी लाइन में जोड़ने का आग्रह किया गया था, इसका भी प्रावधान मंत्री जी करें।

पर्यटन की दृटि से उदयपुर कश्मीर के बाद सबसे अधिक पर्यटकों को आकर्ति करने वाला क्षेत्र है। उदयपुर को झीलों की नगरी भी कहा जाता है। इसके साथ ही वहां से माउंट आबू नजदीक है. अगर इसको बड़ी लाइन से जोड़ दिया जाएगा, तो काफी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक वहां आएंगे। इसका लाभ पर्यटन विभाग को तो मिलेगा ही, रेलवे को भी मिलेगा।

मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि अजमेर से उदयपुर,, उदयपुर से अहमदाबाद और रतलाम, यह पूरा सम्भाग बांसवाड़ा, डूंगरपुर का जो है, को रतलाम तक वाया प्रतापगढ़ जोडा जाना, यहां कोई नई रेल लाइन का प्रावधान आपने रेल बजट में नहीं किया है। इसलिए इसका भी प्रावधान करें और इनका सर्वे कराकर नई रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू कराएं।

8

डॉ. रामकृण कुसमरिया (खजुराहो) : मान्यवर, माननीय लालू जी ने बड़ी चतुराई के साथ विधान सभा के चुनाव को ध्यान में रखते हुए ' यावत जीवेत सुखम जीवेत, ऋणम कृत्वा घृतम् पीवेत" वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कर्जा लेकर रेल को चलाने का काम किया है। मान्यवर, इसके पहले माननीय नीतीश कुमार जी ने जो बजट प्रस्तुत किया था, उसका अध्ययन करने के बाद मुझे लगता है कि उसी लाइन पर चलते हुए और उसमें थोड़ा सा परिवर्तन करते हुए इन्होंने उसी बजट को प्रस्तुत किया है। सुदूर क्षेत्र रेल परियोजना जो थी, जिसमें नये पिछड़े इलाकों को जोड़ने के लिए परियोजना बनी थी, उसके ऊपर कोई विशेा ध्यान नहीं दिया गया है। मैं चाहता हूं कि जबलपुर से दमोह, पन्ना, खजुराहो जोकि बुदेलखंड का पिछड़ा इलाका है और जिसका सर्वे हो गया है, इसको जोड़ने का कार्य किया जाए।

इसी तरह से ललितपुर, संगरौली वाया सतना, दमोह, रीवा रेल लाइनों को पिछली बार 30 करोड़ रुपये की राशि दी गयी तथा खजुराहो जो विश्व-प्रसिद्ध तीर्थ-स्थल से ये रेल लाइनें गुजरती हैं। यदि इस काम को तत्काल कराया जाता है और इसके लिए और बजट प्रदान किया जाता है तो बुंदेलखंड का क्षेत्र विकसित होगा तथा लोगों को रोजगार भी मिलेगा और साथ ही रेलवे को राजस्व भी प्राप्त होगा।

मान्यवर, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में विशेा निवेदन करते हुए कहना चाहता हूं कि भोपाल एक्सप्रेस को ललितपुर में रोका जाता है तो बुंदेलखंड के टीकमगढ़ और छतरपुर के यात्रियों को रेल सुविधा प्राप्त हो जाएगी। इसी तरह से तुलसी एक्सप्रेस को रोजाना चलाने से इस ट्रेक पर एक अच्छी गाड़ी मिल जाएगी और बुंदेलखंड के लोगों को महाकौशल के अलावा एक दूसरा साधन प्राप्त हो जाएगा। इसी प्रकार से हरपालपुर, निवाड़ी और ओरछा स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाओं की भी मैं मांग करता हूं। ओरछा भी प्रसिद्ध तीर्थ-स्थल है तथा उसके विकसित होने पर भी सरकार को काफी लाभ होगा। इन सब बातों को अगर आप जोड़ देते हैं तो इन क्षेत्रों का अच्छा विकास होगा। इस बजट का विरोध करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

9

श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। दुनिया में एक अकेले प्रबंधन के अधीन सबसे बड़ी रेलवे प्रणाली भारतीय रेलवे है। इसकी 62 हजार किलोमीटर की लाइने हैं और 15 लाख कर्मचारी हैं। हिंदुस्तान की जनसंख्या से चार गुना ज्यादा लोग साल भर में रेलवे से यात्रा करते हैं। यह कहना कोई अतिशियोक्ति नहीं होगी कि एक से डेढ़ करोड़ लोग रोजाना रेल से यात्रा करते हैं। लेकिन रेलवे की हालत प्रगति की ओर न जाकर ह्रास की ओर जा रही है। मैं माननीय मंत्री जी के ध्यान में एक छोटी सी बात लाना चाहता हूं। रेलवे अगर एक रुपये की कमाई करता है तो उसमें से 50 पैसे वेतन और पैंशन में खर्च हो जाते हैं। बाकी में से 49 पैसे ईंधन, कर, स्टोर, लाभांश तथा अन्य मदों पर खर्च होकर विकास के लिए एक पैसा बचता है। चालीस हजार के ऑन-गोइंग प्रोजैक्टस हैं, जो हर साल सर्वे के लिए दे दिए जाते हैं। ये प्रोजैक्ट्स कब पूरे होंगे, इस बारे में कुछ भी पता नहीं है। सिर्फ लुभावने वायदों से काम नहीं किया जा सकता है। आगे आने वाले समय में जैसा कि लालू प्रसाद जी ने विभिन्न इन्टरव्यूज में कहा है, यह रुपया हम ले आयेंगे और हम कर्जा ले लेंगे। बजट में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है कि यह पैसा कहां से आएगा और जो पैसा कर्ज के रूप में लिया जाएगा, उसका भुगतान कैसे होगा।

महोदय, मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं। अपनी बात लम्बी न करते हुए, मैं कहना चाहता हूं कि स्टेशनों पर एसटीडी, पीसीओ, बुकस्टाल, शुद्ध पीने का पानी की सुविधाओं में सुधार होना चाहिए। दलाल प्रथा बन्द होनी चाहिए। यात्रियों को टिकट सुविधा से मिले, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। टिकट बिक्री के लिए जिस तरह से इंडियन एयरलाइन्स में होता है, दूसरी कम्पनियों को, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा व्यवस्था हो। इससे कमीशन का पैसा बचेगा और नौकरशाही को देने वाला भी पैसा बचेगा। कम्प्यूटर की सुविधा अधिक होनी चाहिए। सुबह छः बजे से रात 8 बजे तक यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए स्लीपर में बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। जनरल क्लास

के डिब्बे बढाये जाने चाहिए । अपने क्षेत्र से संबंधित कुछ बातों की ओर मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में दो रेलवे मंडल हैं - नागपुर और भोपाल। नागपुर रेल मंडल के अन्तर्गत नागपुर से बैतूल तक की दूरी 190 किलोमीटर है और बैतूल से इटारसी की दूरी 107 किलोमीटर है। जब एक्सप्रैस ट्रेन नागपुर से बैतूल आती है, तो तीन घन्टे में दूरी तय होती है और यही ट्रेन बैतूल से इटारसी जाती है, तो तीन घन्टे में दूरी तय करती है।

MR. SPEAKER: No explanation is needed. You may please mention the names of stations.

श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) : महोदय, इसी के बीच में एक स्टेशन घोडाडोंगरी है, जहां पर पाथाखेडा में कोयले का खदानें है। यहां सारनी में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल का थर्मल पावर स्टेशन है, जिसमें बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग काम करते हैं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि इन प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर गाड़ियों के स्टापेज दिए जायें। घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर महानदी एक्सप्रैस जो भोपाल-बिलासपुर-भोपाल का स्टेशन दिया जाए। इसी प्रकार नागपुर-जबलपुर-नागपुर एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाए। जयपुर एक्सप्रैस जो जयपुर से चेन्नई, जयपुर से बैंगलोर तथा जयपुर से बिलासपुर चलती है। यह गाड़ी अलग-अलग दिनों में अलग-अलग स्थानों पर एक ही समय पर चलती है तथा जयपुर एक्सप्रैस के नाम से चलती है। इस गाड़ी का स्टापेज भी दिया जाए। आमला रेलवे स्टेशन एक जंक्शन है। यहां पर भोपाल-बिलासपुर-भोपाल महानदी एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाए।

MR. SPEAKER: You have a list of two more pages!

श्री विजय कुमार खंडेलवाल : महोदय, मैं कोई नई रेल लाइन की मांग नहीं कर रहा हूं। मुलताई रेलवे स्टेशन पर नागपुर-जबलपुर-नागपुर एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाए और जयपुर एक्सप्रैस, जो जयपुर से चेन्नई, जयपुर से बैंगलोर, जयपुर से बिलासपुर अलग-अलग दिनों में एक ही समय पर चलती है। इसका भी स्टापेज दिया जाए। बरबटपुर रेलवे स्टेशन पर जयन्ती जनता एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाए।

MR. SPEAKER: You have been very cooperative. Please conclude now.

श्री विजय कुमार खंडेलवाल : महोदय, इसी प्रकार पांचवे दिन भी चलने वाली स्वर्ण जयन्ती एक्सप्रैस. ट्रेन हजरत निजामुद्दीन से कन्याकुमारी जाती है, इसका हाल्ट भी बैतूल स्टेशन पर नहीं दिया गया है। जबकि अन्य दिनों में स्टापेज दिया गया है यह गांड़ी जब बेतूल स्टेशन पर नहीं रुकती है, तो लोग गाड़ी से कूदते हैं, नहीं तो नागपुर तक जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में जुर्माना भी देना पड़ता है। इसी प्रकार मेरे संसदीय क्षेत्र का हरदा जिला, जो भोपाल रेल मंडल के अन्तर्गत आता है, इस जिले के प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों का स्टापेज दिया जाना चाहिए। टिमरनी रेलवे स्ठेशन पर ताप्ती गंगा एक्सप्रैस, हरदा रेलवे स्टेशन पर पवन, दरभंगा एवं सचखंड एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाना चाहिए। खिरकिया रेलवे स्टेशन पर पवन एवं ताप्तीगंगा एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाना चाहिए।

MR. SPEAKER: Many of your friends will lose their opportunities. Please conclude.

श्री विजय कुमार खंडेलवाल : अंत में, हरदा जिला मुख्यालय है। यहाँ राट्रीय राजमार्ग है और शहर के बीच में से पास होकर हरदा नगर में स्थित रेलवे लाइन् क्रास करते हुए बैतूल की तरफ जाता है। इस मार्ग पर आवागमन काफी अधिक है। अतः रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाया जाना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. SPEAKER: Shri Nikhil Choudhary may speak now. Please cooperate, you are such a good friend of mine.

0

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : अध्यक्ष महोदय, सन् 2004-05 के रेल बजट पर आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मुझे प्रसन्नता है कि रेलवे विभाग बिहार को ही मिलता रहा है। इससे पूर्व एनडीए की सरकार के समय हमारे रेल मंत्री थे। उन्होंने रेल के काम को आगे बढ़ाया। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि लालू प्रसाद जी ने यूपीए सरकार में रेल मंत्री के रूप में रेल बजट पेश किया। वह इसमें हमारा और देश का ख्याल करेंगे। हम सभी को मालूम है कि रेलवे देश की लाइफ लाइन है। इसका विकास होना चाहिए। उसमें सब का समर्थन मिलना चाहिए। मैं इसलिए भी माननीय रेल मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कुछ अच्छे कदम उठाए। कहा जा रहा है कि यह चुनावी दृटि से किया गया कदम है। वह समय बताएगा लेकिन आपने जो कदम उठाए हैं, मैं उसकी सराहना करना चाहता हूं।

आपने वृद्धों, विकलांगों और बधिरों के लिए कुछ कनसैशन दिए हैं। मेरा आग्रह है कि बहुत सारे कैंसर पेशैंट, ह्रदय रोगी इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में जाते हैं। उनकी माली हालत इतनी खराब होती है कि रेलवे की तरफ उन्हें विद अटैंडैंट जो रियायती टिकट मिलता है, वे उसे भी वहन नहीं कर पाते हैं। मेरी गुजारिश है कि आप इसे निशुल्क कर दें। जिस तरह से आज आपको सराहना मिल रही है वैसे ही और सराहना मिलेगी।

मैं अपने क्षेत्र की मांगों की तरफ मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। पूर्व में गोहाटी-ओखा एक ट्रेन चली थी। ट्रेन नम्बर 5635, 5636 बराक से पटना चलती है लेकिन यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती है। मेरा आग्रह है कि इस ट्रेन को सप्ताह में पूरे दिन चलाया जाए। उसे तीन दिन वाया पटना चलाया जाए। तीन दिन आपके निर्वाचन क्षेत्र छपरा, गाजीपुर होकर चलाया जाए। मुझे विश्वास है कि इसे रेल मंत्री अहमियत देंगे। डिब्रूगढ़ से अमृतसर एक गाड़ी एनडीए सरकार ने चलायी थी। 5933, 5934 ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती है। यह इस ट्रेन की स्थिति है। इसमें एक महीने पहले टिकट बूकिंग हो जाती है। उसमें जाने वाले यात्रियों को आरक्षण मिलता नहीं है। मेरा आग्रह है कि आप उदार ह्रदय के हैं, विकास की तरफ रास्ता बढाया है, आप इस ट्रेन में आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए सप्ताह में कम से कम पूरे दिन चलाएं। कटिहार से बरौनी तक इकहरी लाइन है। हम रेल का विकास चाहते हैं। हम जानते हैं कि कटिहार से बरौनी रेलवे लाइन पर कई नई ट्रेनें चली हैं जिससे इस लाइन पर दबाव बढ़ा है। रेल मंत्री यहां मौजूद हैं। कटिहार से उनका वास्ता है। वह बराबर कटिहार जाते हैं। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि इसके दोहरीकरण के कार्य को आगे बढ़ाने का काम किया जाए। â€¦ (व्यवधान)उनका रिश्ता मेरे साथ पहले से जुड़ा है। वह थोड़ी कृपा करें। कटिहार से बरौनी जो रेल लाइन है वह इकहरी रेल लाइन है, इसके दोहरीकरण की दिशा में तीन खंडों में काम शुरु हुआ है। मेरा आग्रह है कि इसकी गति को आगे बढ़ाया जाए जिससे ट्रेन संचालन का काम बढ़िया ढंग से हो सके। कटिहार से एक ट्रेन कोलकाता के लिए खुलती है जिससे नेपाल के लोगों को फायदा होता है। उस क्षेत्र के लोग कटिहार-स्यालदाह ट्रेन में कोलकाता जाते हैं। उसका विस्तार कटिहार से बरौनी कर दिया जाए। मेरा आग्रह है कि इसे पुनः कटिहार से चलाया जाए जिससे वहां के यात्रियों को सुविधाएं प्राप्त हों। कटिहार-बारसोई जंक्शन के बीच में एक गांव कमलपुर आता है जहां हाल्ट बनाये जाने के लिये मैं आग्रह करना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी जानते हैं कि बिहार का पूरा कटिहार जिला बाढ़ से त्रस्त रहता है। आने-जाने के लिये केवल एक ही ट्रेन का रास्ता बचता है। अगर वहां ट्रेन चलायेंगे तो जिन्दगी बची रहेगी, आशा है आप इसका ख्याल रखेंगे।

1

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिये मैं आपका बहुत ही आभारी हूं।

अध्यक्ष महोदय, उत्तर-मध्य रेल ज़ोन इलाहाबाद में झांसी डिवीजन आता है। उसके अंतर्गत कोंच के लिये एक शटल ट्रेन चलती रही है जिसे 1997 में राजस्व में हानि दिखाकर बंद कराने की कोशिश की गई थी। लेकिन जन-आन्दोलन के कारण उसे पुनः चलाया गया। लेकिन अब पत्रों के माध्यम से और कार्यकर्त्ताओं ने बताया है कि झांसी मंडल के अधिकारी उसे फिर से बंद करने जा रहे हैं। यह शटल 100 साल से ज्यादा समय से चल रही है जिसके द्वारा हजारों यात्री आते-जाते हैं लेकिन क्या कारण है कि रेलवे इसे हानि में दिखाकर बंद करने के लिये आमादा हो रही है। मेरा अनुरोध है कि इसे बंद न किया जाये। इस संबंध में एक सुझाव दूंगा कि यदि इस ट्रेन का स्टापेज आनन्दनगर और सतोए में कर दिया जाये तो उस क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने का अवसर मिलेगा और राजस्व की पूर्ति भी हो सकती है। इसके अलावा यदि इस शटल ट्रेन को उरई एवं कालपी तक बढ़ा दिया जाये तो निश्चित तौर पर ज्यादा पैसेंजर मिल सकेंगे। अधिकारी लोग जिस ट्रेन को हानि में दिखा रहे हैं, वह लाभ में चली जायेगी। यदि इस शटल को बंद कर दिया गया तो जन आन्दोलन होगा। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि इस शटल ट्रेन को बंद न किया जाये। कोंच स्टेशन को झांसी कानपुर मेन लाइन पर लाया जाये ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन से झांसी के बीच इकहरी लाइन है। लखनऊ से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली सभी गाड़ियां इसी मार्ग कानपुर से होकर जाती हैं और कानपुर से झांसी तक या झांसी से कानपुर तक 5-6 घंटे में गाड़ियां पहुंचती हैं। समय की बचत के लिये इस मार्ग पर दोहरी लाइन बिछाई जाये एवं ि वद्युतीकरण किया जाये। मेरा एक अनुरोध यह भी है कि उरई स्टेशन के पास राठ रोड क्रासिंग है, वहां वाहनों का जमघट लगा रहता है और लोगों को भी परेशानी होती है, इसलिये वहां रेल-ओवर-ब्रिज बनाया जाये ताकि इस समस्या का हल निकल सके। उरई रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म बहुत नीचे हैं, इसे भी ऊंचा किये जाने की व्यवस्था की जाये।

MR. SPEAKER: Shri Varkala Radhakrishnan. Please tell him only your projects. Do not give a preface and please restrict yourself to the time.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, it would be very difficult for me to restrict myself to the time.

MR. SPEAKER: Anyway, you start it. Do not make a general speech. Please only mention the projects.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Sir, I support the proposals contained in the Railway Budget. I also support the idea of the hon. Railway Minister about promoting the candidates belonging to the Scheduled Caste and Scheduled Tribe category. He has also mentioned about filling up the vacancies in the reserved categories that are still vacant.

In this connection, I would request the hon. Minister to consider the case of women employees in the Railways. We must now have women station masters throughout the country. We are in the age of women empowerment. So, we should have women station masters as well as women guards in the trains. If possible, we should have women drivers also to run the trains. I say this because the hon. Minister is bold enough to bring in a lady as the Chief Minister of Bihar. So, he can do it.

MR. SPEAKER: You are not insisting for a woman Railway Minister!

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : He was bold enough to bring in a housewife as an illustrious Chief Minister of Bihar. So, I presume that he will be quite capable to bring in ladies in large number in the Railway administrationâ€¦...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Very good!

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Then you may ask for more RPF personnel to protect the ladies.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : So, hereafter, I think we will be having women railway ticket examiners. I think he will take immediate steps in filling up the vacancies in the Railway administration with ladies thus giving them an opportunity.

Coming to my State, I would request that electrification of railway track to Trivandrum should be completed this year itself. In the Budget proposal, it is mentioned as only upto Palamau. That is not sufficient. We should have doubling of new lines. If not in the Budget now, at least you may bring it in the next Budget. We Members representing the State of Kerala have put in a representation in this regard and even our Minister also approached you. For the time being, when you reply, you may announce certain concessions to Kerala as those will satisfy the aspirations of the people of Kerala. There was an agitation throughout the State against the Railway proposals. So, this could be mitigated by this announcement in the House with new proposals favouring the people of Kerala. Sir, I think he will be bold enough and large hearted in giving certain concessions to the people of Kerala. I hope he will do it.

With these words, I conclude.

MR. SPEAKER: Shri Ponnu Lal Mohale may speak now.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : श्री पुन्नूलाल मोहले, प्लीज कोऑपरेट करें, केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बोलिये।

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र की समस्याओं पर बोलूंगा। लेकिन कुछ बातें मुझे बजट पर भी बोलनी है, जिन्हें मैं प्वाइंट्स में बोल रहा हूं।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : लिखकर दे दीजिए।

श्री पुन्नू लाल मोहले : मैं लिखकर दे रहा हूं, लेकिन साथ ही मैं बता भी रहा हूं।â€¦(व्यवधान)महोदय, मुझे संरक्षण दिया जाए, आपने मुझे बुलाया है।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं रेलवे में डकैती, चोरी, सीनाजोरी, घूसखोरी, कमजोरी, खाना, पखाना और दवाखाना, यही बजट के लिए है बताना, लालू जी कैसे बदलेंगे इनका जमाना, इनके ऊपर मेरी बात को कुछ लालू जी पहचाना। इन सब बातों पर मैं बोलना चाहता हूं। आप रेलवे में घूसखोरी को कैसे रोकेंगे। रेलवे में इतनी घूसखोरी हो रही है। रेलवे में आरक्षण व्यवस्था में टिकटों की ब्लैक होती है। माननीय लालू जी, आप इसे रोकने का क्या उपाय करेंगे, कृपया बतायें। रेलों में मरीजों को कितनी तकलीफ होती है, उनकी तकलीफें दूर करने के बारे में बतायें। किस तरह से आप रेलवे में उनके लिए व्यवस्था करेंगे, क्योंकि बहुत से मरीज मर जाते हैं। उनके लिए या तो डाक्टर की व्यवस्था हो या वहां दवाखाना होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश और बिहार साइड में रेलों में इतनी सीनाजोरी होती है। लोग ऊपर बैठे रहते हैं, आप नीचे की बात करते हैं। रेलवे की आरक्षित सैकिंड क्लास में लोग चढ़ जाते हैं। इस सीनाजोरी को रोकने के लिए आप क्या उपाय करने वाले हैं। यह मैं जानना चाहता हूं। फर्स्ट क्लास और ए.सी. की करते हैं लोग ऐसी-तैसी, क्यों चढ़ेंगे लोग ए.सी.। रेलवे में ए.सी. आरक्षण में बिस्तरों की व्यवस्था होती है। बिस्तर लगाकर ए.सी. में यात्री सोते हैं। हम सांसद और विधायक तथा अन्य लोग जिनके पास धन होता है वे ए.सी. क्लास में सफर करते हैं, लेकिन बेचारे निर्धन लोग जो कमाकर पैसा लाते हैं, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं होती।

क्या माननीय रेल मंत्री जी सैकेन्ड क्लास के स्लीपर कोचेज़ में बिस्तरों की व्यवस्था कराएंगे? ट्रेनों में डकैती और चोरी को रोकने के लिए भी उपाय किये जाने चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए जो लोग कोयले का धंधा करते हैं, उनका रेल वैगन से माल आता है। उनके लिए रैक नहीं होती, वैगन नहीं होती और मालगाड़ी में अव्यवस्था के कारण ठेकेदार काम बंद कर देते हैं जिससे रेलवे को क्षति होती है। इसको रोकने के लिए क्या उपाय करेंगे यह भी बताने की कृपा करें। मैं कुछ बातें और कहना चाहता हूँ।

छत्तीसगढ़ नया राज्य बनने से उसकी अनदेखी की गई है। वह पिछड़ा क्षेत्र है और उसके विकास के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। बिलासपुर से मंडला नई रेल लाइन का सर्वेक्षण हो चुका है। मैं अनुरोध करूँगा कि प्लानिंग कमीशन में भेजकर उसको स्वीकृति दी जाए। एक नई समग्र क्रांति एक्सप्रैस निज़ामुद्दीन से दुर्ग तक चलाने की जो योजना है, उसको वाया कटनी चलाया जाए जिससे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और बिलासपुर भी जुड़ेगा। अहमदाबाद एक्सप्रैस को बिलासपुर में चाकरघाट स्टेशन पर स्टॉपेज देने की आवश्यकता है। छोटे-छोटे स्टेशनों पर शैड नहीं हैं, पाखाने नहीं हैं, आरक्षण की सुविधा नहीं है। आप अनेक नई गाड़ियां चला रहे हैं। आप छोटे लोगों के विकास की बात कर रहे हैं। उन छोटे लोगों का ध्यान रखने के लिए मेरा निवेदन है कि सभी एक्सप्रैस गाड़ियों में अतिरिक्त जनरल बोगी लगाई जाएं। छत्तीसगढ़ के अनेक जनपदों में और बिलासपुर में तिफरा फाटक के ऊपर ओवरब्रिज की व्यवस्था की जाए। बिलासपुर में बिल्हा स्टेशन पर नीचे ब्रिज की व्यवस्था की जाए। छोटे सल्क स्टेशनों पर 34- 33 अप डाउन पैसेन्जर गाड़ी को रोका जाए। बिलासपुर के चिरमिरी के लिए एक गाड़ी चलती है। उसको रायपुर तक बढ़ाया जाए जिससे आम लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। आपने रिक्त पदों में भर्ती की बात तो ज़रूर की है, विशे अभियान चलाने की बात भी की है, लेकिन उसके लिए समय-सीमा निर्धारित की जाए। छत्तीसगढ़ में रेलवे भर्ती बोर्ड का गठन किया जाए क्योंकि वह नया राज्य बना है। वहां के विकास के लिए नए रेलवे भर्ती बोर्ड की स्थापना की जाए, यह मेरी मांग है।

4

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, कुल्हड़ बनाने वाले कुम्हारों, प्रजापतियों, गाय-भैंस का दूध बेचकर जीवन-यापन करने वाले अहीरों, गूजरों और गांव के अन्य किसानों, खादी का वस्त्रे बनाने वाले कामगारों के घरों में आज लालू यादव जी की तस्वीर देखकर कोई भी आदमी यह अनुमान लगा सकता है कि यह रेल बजट बनाने वाले लालू जी इस जनता की नब्ज़ को पहचानने वाले हैं, गांव और गरीब आदमी की ज़रूरत को पहचानने वाले हैं।

मैं यह बताना चाहूँगा कि जयपुर में अब किसानों में एक खुशी की लहर उठी है क्योंकि जयपुर डेरी और सरस डेरी के माध्यम से छाछ, मट्ठा और लस्सी बिकने लग गई है और लोगों को लगा है कि रोज़गार का एक नया अवसर मिलेगा। जो लोग सामने दागी कहकर विरोध करते हैं, वह उस कुम्हार के चाक को जाकर देखें जो वर्षों से बंद पड़ा था और आज वह चाक चल रहा है और उसके घर में खुशहाली आई है। ऐसे रेल मंत्री की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है।

मैं राजस्थान से आता हूँ। राजस्थान की जनता माननीय रेल मंत्री जी को बहुत प्यार करती है। जब मंत्री महोदय दिल्ली से सड़क मार्ग से जयपुर की तरफ जाते हैं तो लाखों की तादाद में गांवों के लोग दीवानों की तरह अपना काम छोड़कर सड़क पर खड़े रहते हैं। उस जनता की ओर से मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा। भिवाड़ी जो अलवर के पास है और दिल्ली से मात्र 75 किलोमीटर दूर है और रेवाड़ी स्टेशन से मात्र 25 किलोमीटर दूर है, वह राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र के रूप में िवकसित हो रहा है। यहां पर पूर्व में भी जाफर शरीफ साहब के समय में सर्वे हुआ था। अगर उस पुराने सर्वे को निकालकर इसको रेवाड़ी की बड़ी लाइन से जोड़ दिया जाए जो मात्र 25 किलोमीटर है तो मैं समझता हूँ कि राजस्थान के उस क्षेत्र के लोगों की तकदीर बदल जाएगी। वहां पर 1000 से अधिक उद्योग हैं।

महोदय, इनलैंड कंटेनर डिपो की भी स्वीकृति मिल चुकी है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि इस ओर ध्यान दें।

मैं दो छोटी-छोटी बातें और कहना चाहूंगा। पैलेस ऑन व्हील राजस्थान के अधिकांश क्षेत्र में चलने वाली गाड़ी है। यह गाड़ी दिल्ली कैंट से चलती है। विदेशी यात्री इसमें जाते हैं। अगर इस गाड़ी को दिल्ली कैंट की बजाय, खासतौर से विदेश पर्यटकों को जितनी सुविधाएं चाहिए, वे दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर नहीं होने की वजह से, इस गाड़ी का सफदरजंग रेलवे स्टेशन डिपार्टिंग स्टेशन बना सकें, तो मैं समझता हूं कि इस ट्रेन का बहुत लाभ होगा।

महोदय, एक-दो बातें और कहना चाहूंगा। राजस्थान के जैसलमेर से लाइमस्टोन बोकारो स्टील प्लांट और अन्य स्थानों पर आता है। मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि पिछले दिनों इसका भाड़ा अधिक होने के कारण यह बहुत महंगा पड़ा। यह 130 ग्रेड की श्रेणी में आने के कारण महंगा हो गया है। ऊपर से रेल भाड़ा अधिक होने के कारण कारखानों को महंगा पड़ता है। जैसलमेर से मंगाए जाने वाला लाइम स्टोन महंगा पड़ता है जबकि दुबई से आयातित लाइम स्टोन यहां सस्ता पड़ता है। इससे राजस्थान में मिनरल डैवलपमेंट की पासीबिलिटीज दिनोंदिन कम होती जा रही हैं। इसलिए मैं आपसे विशेा रूप से निवेदन करूंगा कि आप इसके रेल भाड़े में अवश्य कमी करें ताकि दुबई से आयातित लाइम स्टोन का जैसलमेर से आने वाला लाइम स्टोन मुकाबला कर सके और सस्ता पड़ सके और जैसलमेर एरिया में मिनरल डैपलपमेंट की पासीबिलिटीज डैवलप हो सकें। इस बारे में आप जरूर निर्णय लें।

अध्यक्ष महोदय, मैं अधिक समय नहीं लेते हुए केवल एक ही बात कहना चाहता हूं कि आश्रम एक्सप्रैस अहमदाबाद की तरफ जाती है। हमारे क्षेत्र में एक स्टेशन राजगढ़ है। वहां के सैकड़ों-हजारों लोगों ने मुझे सुबह रेलवे स्टेशन पर इकट्ठे होकर निवेदन किया कि आदरणीय लालू यादव जी से हमारी ओर से विनती करना कि आश्रम एक्सप्रैस को राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर जाते और आते समय रुकवा दिया जाए यानी राजगढ़ पर आश्रम एक्सप्रैस का आते और जाते समय ठहराव किया जाए। इससे बहुत लोगों को लाभ मिलेगा।

अध्यक्ष महोदय, रेल मंत्री जी ने काम तो बहुत अच्छे किए हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत रेल बजट के बारे में कहने के लिए बहुत बातें हैं, लेकिन अध्यक्ष महोदय के आदेश का सम्मान करते हुए मैं अपना भाण समाप्त करता हूं।

MR. SPEAKER: Dr. Karan Singh Yadav, I thank you very much for your kind cooperation.

MR. SPEAKER: Shri Subhash Maharia, please keep to the time.

5

श्री सुभाा महरिया (सीकर) : अध्यक्ष महोदय, माननीय लालू यादव जी ने राजस्थान के खासतौर से कूमावतों को राहत देने के लिए रेलों में जो कुल्हड़ को बढ़ावा देने का ऐलान किया है, सबसे पहले उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, अब मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान राजस्थान की तरफ दिलाना चाहता हूं। राजस्थान वीरों की भूमि है। देश की रक्षा पंक्ति में सबसे ज्यादा लोग राजस्थान से लगे हुए हैं। उन्हें रेलवे से यातायात करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, राजस्थान के जिस इलाके से मैं आता हूं, शेखावाटी का इलाका, सीकर, झुंझुनूं, चूरू का इलाका, वहां के विकास के लिए 1970 के दशक में जो सर्वेक्षण हुआ था, उस सर्वेक्षण में रेट ऑफ रिटर्न 15 प्रतिशत से ज्यादा दर्शाया था, लेकिन अभी तक रेवाड़ी, रींगस और फुलेरा तक रेलवे लाइन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। हालांकि आपने इस र्वा के रेल बजट में इस सर्वेक्षण को अप-डेट करने की घोाणा की है। अगर इस लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाता है, तो रेलवे के राजस्व में काफी वृद्धि होगी। साथ ही जयपुर से लेकर सीकर तक और सीकर से लेकर लोहारू तक जो अप-डेटेड सर्वेक्षण है, उसकी समय-सीमा को संशोधित कर सर्वेक्षण को अपडेट करने का काम जल्दी से इसे पूरा किया जाए। इसमें भी रेट आफ रिटर्न 19 प्रतिशत के करीब है, जो रेलवे के राजस्व में लाभ देने वाला है, हानि देने वाला नहीं है। सीकर से लेकर चूरू तक की भी यही स्थिति है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन सर्वेक्षणों के अप-डेट करने की जो समय-सीमा तय की गई है उसमें जल्दी की जाए और इन लाइनों के आमान (गेज) परिवर्तन के लिए भी हम आपसे अनुरोध करते हैं।

अध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ मैं मंत्री जी का ध्यान कुछ और बातों की ओर भी दिलाना चाहता हूं। मीनाक्षी एक्सप्रैस, गाड़ी संख्या 9769/9770 जयपुर से पूर्णा के मध्यम चलती है और जयपुर में इन गाड़ियों का ठहराव काफी समय तक होता है। इस गाड़ी को शेखावाटी के सैनिकों के लिए, वीरों के लिए सीकर से जयपुर के लिए और जयपुर से सीकर के लिए बढ़ाया जाए तो काफी राहत मिल सकती है। सीकर स्टेशन वह रेलवे स्टेशन है जो काफी लाभप्रद है। रेलवे के नए मॉडल स्टेशनों के जो नियम हैं, यह उनकी श्रेणी में आता है।।

आप इसे नोट करने की कृपा करें। सीकर रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए हम आपसे निवेदन करते हैं। नवलगढ़ फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का काम आखिरी चरण में चल रहा है। एक करोड़ रुपए की राशि रेलवे मंत्रालय की ओर से जानी बाकी है, उस राशि को तुरंत भेजा जाए ताकि वह काम पूरा हो सके और विधिवत रूप से उस पर यातायात शुरू हो सके। आप चेतक एक्सप्रैस का ठहराव कांवट में करने की निश्चित रूप से अपने भाण में घोाणा करें। साथ ही जयपुर से मुंबई के लिए रिजर्वेशन की क्षमता में कुछ बढ़ोत्तरी की जाए ताकि उन्हें फायदा हो सके।

आपने, रेलवे मंत्रालय ने बजट से पहले हमसे जो चर्चा की, कागजात मांगे और जानकारी मांगी, उसके लिए धन्यवाद। आप राजस्थान को कुछ अधिक देने के प्रयास करें।

6

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD NORTH): Mr. Speaker, Sir, I represent Dharwad North constituency of Karnataka. The hon. Railway Minister, Laluji had sent a letter to all Members of Parliament asking them to give some suggestions on the Railway Budget. I represent the northern part of Karnataka which is backward and neglected area. I had sent only two suggestions about two major projects.

My first suggestion is regarding Gadag-Bijapur gauge conversion project, For this project, around Rs. 19 crore has been earmarked in this year's Budget. This project requires Rs. 120 crore for completion. It is mentioned in the Budget that Rs. 79 crore are to be paid by Karnataka Infrastructure Development Enterprise. This gauge conversion work cannot be completed even during this year because, unfortunately the Government of Karnataka cannot offer Rs. 79 crore to the Railways. On the one side, up to Gadag there is broad gauge and on the other side, up to Bijapur there is broad gauge. So, the portion between Gadag and Bijapur has become an island. Therefore, I request the hon. Railway Minister, through you, to kindly look into this project from a different angle and allot more funds for the early completion of this work.

Sir, my second suggestion is regarding Ankola-Hubli line. Around Rs. 18 crore have been allocated for this year, but a total of more than Rs. 900 crore is required for completion of this project. If the work progresses at the present speed, this project cannot be completed even after 100 years. This is the only line which can connect the hinterland with the coastal areas. So, I request the Railway Minister that he should create a Special Purpose Vehicle for this project as it is done in the case of some other projects or the construction work of this line may be handed over to the Konkan Railway Corporation.

Then, Bangalore-Kolhapur Rani Chennamma Express is now terminated at Kolhapur. Previously, it used to be terminated at Miraj. Between Miraj and Kolhapur, on an overage, only 25 passengers are travelling in this train. Still it is being terminated at Kolhapur. It involves more than 2 ½ hours of journey.

Only 25 passengers travel between Miraj and Kolapur and it is being delayed because of that. That is why I request the hon. Minister that it should be terminated at Miraj.

My last point is regarding Hoobly workshop. When Shri Devegowda was the Prime Minister, he visited this place and promised for the upgradation and modernisation of the wagon manufacturing facilities at Hoobly workshop. My only request to the hon. Railway Minister is that it should also be considered.

7

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि मुझे सदन में पहली बार बोलने का मौका प्राप्त हुआ।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मैं जबलपुर से चुनकर आया हूं, जो न सिर्फ संभाग का बल्कि पूरे महाकौशल का मुख्यालय है। वहां पर अनेकों आन्दोलन गोंदिया से लेकर जबलपुर के बीच में गेज कन्वर्शन को लेकर हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछली सरकार ने अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस गेज कन्वर्शन के लिए अनुमति दी और उसकी घोाणा की। मैं आपको बताना चाहता हूं कि बालाघाट से गोंदिया के बीच का इसी मार्ग का जो कार्य हैâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You may accuse me, but I am sorry. I have explained my position. What can I do?

श्री राकेश सिंह : लेकिन अत्यन्त खेद के साथ कहना पड़ रहा है, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि इस बार के बजट में जो कार्य 90 प्रतिशत से ज्यादा पूर्ण हो चुका है, पुनः उसे ही सम्मिलित किया गया है, जबकि होना यह चाहिए था कि जबलपुर से बालाघाट के बीच के कार्य का बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए था। साथ में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि माननीय रेल मंत्री महोदय बिहार के हितों को लेकर बहुत चिन्तित रहते हैं और यह होना भी चाहिए। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं और उनको बताना चाहता हूं कि जिस दिन यह गेज कन्वर्शन का काम पूरा हो जायेगा, उस दिन बिहार से दक्षिण की दूरी 273 किलोमीटर कम हो जायेगी। इससे न सिर्फ वहां जाने वाले यात्रियों का समय कम लगेगा, बल्कि उनका भाड़ा भी कम लगने वाला है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात की तरफ मैं आपका ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि इस गेज कन्वर्शन के संचालन का कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के द्वारा किया जा रहा है, जिसका छत्तीसगढ़ की राजधानी में मुख्यालय है। मैं कहना चाहता हूं कि 285 किलोमीटर की इस रेलवे लाइन के गेज कन्वर्शन का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक भाग मध्य प्रदेश में आता है। जबलपुर से पश्चिम मध्य रेलवे का मुख्यालय है, यदि इस कार्य को पश्चिम मध्य रेलवे को दिया जाये, उसका संचालन सौंपा जाये तो इसमें चूंकि सबसे प्रमुख काम भूमि अधिग्रहण का आता है, इससे उसके कार्य में बहुत आसानी होगी और यह कार्य शीघ्रता से पूर्ण होगा।

मेरा आपसे आग्रह है कि इस कार्य को इसी बजट में शामिल करने का कट करें। मैं आपसे यह भी आग्रह करना चाहता हूं कि जबलपुर लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कटनी में खिरैनी फाटक पर 24 में से लगभग 20 घंटे फाटक बन्द रहता है। इस फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण होना है, जिसे इसी बजट में शामिल किया जाये। साथ में जबलपुर से बिलासपुर वाया मंडला मार्ग के सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। इसे भी इस बजट में शामिल किया जाये।

मैं समाप्त कर रहा हूं। महोदय, मैं पहली बार बोल रहा हूं।

MR. SPEAKER: You are speaking very well. I wish, I could give you more time.

श्री राकेश सिंह : जबलपुर से दमोह के बीच की दूरी लगभग 110 किलोमीटर है, लेकिन अभी इस मार्ग पर लाइन न होने के कारण वाया कटनी होकर 200 किलोमीटर ज्यादा जाना पड़ता है, इसलिए मेरा आग्रह है कि इसे भी इसमें शामिल किया जाये। जबलपुर से पूना के लिए एक सुपरफास्ट नियमित ट्रेन चालू की जाये, जो शाम को लगभग 6 बजे या इसके बाद जबलपुर से प्रारम्भ हो। जबलपुर से जम्मू के लिए एक सीधी ट्रेन की भी हमारी मांग है। साथ में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि दिल्ली से जबलपुर के लिए जिस सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रैस की घोाणा की गई हैâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you do not interrupt, I will call you. If you interrupt, I will not call you.

श्री राकेश सिंह : यह वास्तव में पिछली सरकार के द्वारा की गई है, इसके लिए समय सीमा निश्चित की जाये।

मैं अंतिम बात अत्यंत खेद के साथ कहना चाहूंगा कि रेल मंत्री जी द्वारा सभी सांसदों को पत्र भेजकर सुझाव आमंत्रित किये गये थे। मेरे जैसे नये सांसद पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा था लेकिन मैंने अपने पत्र में जिन सुझावों को दिया था, उनमें से एक भी सुझाव इस बजट में शामिल नहीं किया गया। इसी के साथ आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. SPEAKER: I must compliment you on your speech, Shri Rakesh Singh.

8

श्री रामदास बंडु आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, छः साल से हम जैसे बजट का इंतजार कर रहे थे, वैसा आम आदमी का बजट, सर्वहारा लोगों का, गरीब लोगों का, मिडिल क्लास और सभी क्लास के लोगों को न्याय देने वाला यह बजट है। जब लालू जी रेल मंत्री बने तभी हमारे मन में यह विचार आया था कि यह बजट ऐसा ही आयेगा।

यह बजट देकर लालू जी ने गरीबों को ऊपर चढ़ाने का काम किया

नीतीश कुमार जी ने भाड़ा बढ़ाने का काम किया।

इन्होंने तो हिन्दू मुसलमानों को आपस में लड़ाने का काम किया

इसलिए इन लोगों को जनता ने भगाने का काम किया।

अध्यक्ष महोदय, यह बजट खादी, कुल्हड़ मट्ठा और दुग्ध उत्पादन करने वाले लोगों को अपनी रोजी-रोटी कमाने देने वाला बजट है। कुम्हारों का भट्टा चलने वाला है लेकिन आपका भट्टा चलने वाला नहीं है। â€¦ (व्यवधान) हमारा चलेगा क्योंकि हम यूनाइटेड हैं। आप नैशनल थे लेकिन हम तो यूनाइडेड हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का जो रिजर्वेशन है, उस रिजर्वेशन के लिए स्पेसीफिक ड्राइव चलाने की आपने एनाउंसमैंट की है। यह बात बहुत अच्छी है। सिक्योरिटी

के लिए भी आपने बहुत अच्छा काम किया है। जो एक्सीडैंट होते हैं, जब कोंकण रेलवे में अभी एक्सीडैंट हुआ तब आप उधर आये थे। वह नेचुरल एक्सीडैंट था। एक्सीडैंट्स को रोकने का काम हम सब लोगों को करना है। एक एक्सीडैंट तो हमने रोक लिया है, हम सब लोग इकट्ठे आये हैं इसलिए अभी अपना एक्सीडैंट होने

वाला नहीं है। पांच साल तक अपनी जो रेल है, वह चलती रहेगी। मुझे लगता है कि--

जब तक विरोधी दल का हंगामा रहेगा चालू,

तब तक रेल मंत्री रहेंगे लालू,

जब तक किसानों के खेत में रहेगा आलू,

तब तक हमारे साथ रहेंगे लालू,

जब तक हमारे साथ रहेगा डीएमके का बालू,

तब तक रेल मंत्री रहेंगे हमारे लालू,

लालू की बहुत तेज चल रही है रेल,

एनडीए का बंद हो गया है खेल,

सोनिया के विरोध में ये बजा रहे हैं हर रोज ढोल

क्योंकि लोक सभा चुनाव में अटल जी हो गये हैं फेल,

इसलिए ये रोज आ रहे हैं वेल,

क्योंकि लालू की तेज चल रही है रेल।

अध्यक्ष महोदय, इस रेल बजट का मैं पूरा सपोर्ट करता हूं। आप लोग सपोर्ट करें या न करें, यह रेल बजट बहुत अच्छा है और न्याय देने वाला बजट है।

आरएसएस का हमेशा नारा रहता है - दुनिया में आए हैं तो कुछ काम कीजिए, चंदा के पैसे से जलपान कीजिए।â€¦ (व्यवधान)

मैं पंढरपुर क्षेत्र से आता हूं। वहां का जो काम बाकी है, उसके लिए पैसा देने का कट कीजिए। कुरुवाड़ी में एक नैरोगेज वर्कशाप है। उसका रूपान्तर ब्रॉडगेज में करना चाहिए। पंढरपुर क्षेत्र के कुरुवाड़ी में आरपीएफ सैंटर है। उसे वहीं रखना चाहिए। केके एक्सप्रैस कुरुवाड़ी में नहीं रुकती। उसे वहां रुकवाने का काम कीजिए। इसके साथ-साथ कराड़-पंढरपुर नई रेल लाइन है। उसके लिए मंजूरी दे दीजिए।â€¦ (व्यवधान)

अहमदनगर से बीड़ तक एक रेल लाइन बनवाइए। उसके लिए भी हमें पैसा चाहिए। बारामती से लेकर पंढरपुर, श्री पवार की कौन्सटीटूऐंसी से मेरी कौन्सटीटूऐंसी लगी हुई है। इसके लिए हमें पैसा चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : इन्होंने छः साल तक नहीं दिया।â€¦ (व्यवधान)

श्री रामदास बंडु आठवले : इसलिए हमने इनको यहां से भगा दिया। हमें आपसे पैसे की उम्मीद है। पांच साल में कुछ न कुछ पैसा मिलना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)जिनको इस साल पैसा नहीं मिला, उनको अगले साल दीजिए, जिनको अगले साल भी नहीं मिलेगा, उनको उससे अगले साल दीजिए और जिनको पांच साल में भी पैसा नहीं मिलेगा, उनको उसके बाद दीजिए। हरेक को पैसा बांटना है। यह बहुत अच्छा बजट है। मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

MR. SPEAKER: Shri Kharabela Swain, you are very articulate. Please be brief.

9

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, I will be brief.

Sir, I do not oppose the Railway Budget but I am quite disappointed. This is the first policy statement of this new Government. I think, not much effort has been gone into the process of Budget making and it seems that even the hon. Railway Minister has not tried to understand the railway system itself. He has brought down the entire debate on the Railway Budget to *kulhad, khadi, lassi, vegetables,* etc.

Sir, actually what is the main objective of the Railways? It is the transportation of passengers and goods, and all other things are peripheral. Firstly, he should have told us how to complete the incomplete projects and how quickly. That should have been his aim. Instead what he did the first thing was to set up a wheel and axle plant in his own constituency. I charge him with the case of selfishness. The Railway Minister grabs Rs. 1,000 crore to his own constituency. Instead of looking into the interest of the entire country, he looks into the interest of his own constituency, not even Bihar. That is why, I am quite disappointed.

The second thing is that he and his supporters are very proud that the fare has not been increased in freight and passenger services. Okay, I agree that in freight service, you cannot afford to raise the fare ...(*Interruptions*)

श्री वीरचन्द्र पासवान (नवादा) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

जब हल्ला-गुल्ला चल रहा था तब आपके द्वारा कहा गया था कि जो सदस्यगण रेल बजट पर बोलना चाहते थे, वे अपना लिखित भााण दे दें। हमने समझा कि हाउस ऐडजर्न होने वाला है।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री वीरचन्द्र पासवान : शायद हमें बोलने का मौका नहीं मिले। इसलिए हमने कुछ लिखकर दे दिया।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप इंटरप्ट मत कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री वीरचन्द्र पासवान : हम नए सदस्य हैं, हम समझ नहीं पाए। हमें लगा कि हाउस ऐडजर्न हो जाएगा। आप हमारे गार्जियन हैं। हम नए आए हैं। हमारे क्षेत्र के लोगों की बड़ी उम्मीदें हैं, बहुत सी भावनाएं हैं जो छूट जाएंगी। इसलिए हमें थोड़ा बोलने का वक्त दीजिए।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Will you please hold a little patience? Let me see what I can do. Please do not interrupt him. Let me see what I can do.

Shri Kharabela Swain, you continue your speech.

...(*Interruptions*)

20.00 hrs.

SHRI RAM KRIPAL YADAV (PATNA): Sir, if you want, you can do everything. I know it very well. I am requesting you to please allow.

MR. SPEAKER: I cannot do anything. Can I make everybody sit down whenever I get up? You do not even do that.

SHRI RAM KRIPAL YADAV : It is not possible.

MR. SPEAKER: I cannot do anything I like. Let every hon. Member consider this position.

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, I know we cannot afford to raise the freight charges because the Railways are in stiff competition with the roadways. But if we complete the projects quickly and provide better service to the passengers, we do not mind paying, and let the fare be raised. But let us complete the projects quickly and let us provide better service.

Sir, I have two or three suggestions to make on this. One thing is about the cleanliness drive. The street urchins are the greatest cleaners in the railways. The sweepers are not coming to the Railways to clean the railway coaches, rather they are hiring somebody else, the urchins, and they are coming to the railway compartments. Will the Minister of Railways please see to it that actually the person, who has been employed for cleaning the coaches, at least comes?

The second thing is that the speed of the goods trains should be increased. The Minister of Railways should see to it that the speed of the goods trains is increased so that the Railways will start earning more.

Then, the Safety Department should be independent. The Assistant Commercial Officer should not be appointed as the Safety Officer. The Safety Department should be given the power like the Vigilance Department to ensure that whoever has gone awry or whoever has not discharged his duty should be punished. The tenure of the DRMs and GMs should be fixed at three years at least. Otherwise, they do not understand the system.

The Railways should develop a train information system so that online information should be available. During the time of Shri Nitish Kumar, he had developed it in the Western Railway. I would appeal to the hon. Minister to consider this so that whenever we telephone to the enquiry office, it should be able to tell us as to where the train is.

About Orissa, there should be quick completion of Mahanadi-Birupa bridge on Howrah-Chennai route. Daitari-Banspani and Talchar-Bimlagarh projects should be quickly completed for greater exploitation of the mineral resources of Orissa. A siding should be opened at Jaleshwar in the Kharagpur Division of the South-Eastern Railway in Orissa for the future introduction of trains to Koraput and Sambalpur, the extreme ends of Orissa.

A separate booking office on the other side of Balasore Railway Station should be opened. A railway underpass or over-bridge at Soro level crossing in the Kharagpur Division of South-Eastern Railway should be constructed.

Lastly, the Balasore Goods Shed should be improved.

MR. SPEAKER: Thank you for your co-operation.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, Shri Suresh Prabhakar Prabhu. I am sorry I cannot give you much time.

0

श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु (राजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत संक्षेप में बात करूंगा। सबसे पहली बात मैं यह कहूंगा कि रेलवे बजट में कोंकण रेलवे के बारे में शायद कुछ कहना माननीय रेल मंत्री जी ने आवश्यक नहीं समझा। लेकिन कोंकण रेलवे देश में पहली ऐसी योजना है जो बहुत अच्छे तरीके से सामने आई थी कि प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन कैसा होना चाहिए। लेकिन कुछ सालों से हम देख रहे हैं कि हर साल वहां बहुत बड़े एक्सीडेंट्स हो रहे हैं जिसकी वजह से पैसेंजर सिक्योरिटी बहुत बड़ी समस्या बन गई है। इसलिए मैं चाहता हूं कि कोंकण रेलवे के साथ इंडियन रेलवे का जो व्यवहार रहा है, उसमें कुछ सुधार होने की आवश्यकता है क्योंकि कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन एक स्वायत्त संस्था है। उसकी वजह से काफी समस्या खड़ी हो रही है। कोंकण रेलवे की जो परिकल्पना की गई थी, उस समय कोंकण रेलवे मुम्बई से निकलकर कुंकड़ यानि जहां महाराट्र की सरहद बंद होती है, वहां तक ही जाने वाली थी। उसको बाद में बढ़ाया गया। कोंकण की जो समस्या है, उसके बारे में रेलवे बजट में ज्यादा नहीं दिया गया, जैसे कि आपने कहा कि स्टॉल्स कुछ लोगों को देने चाहिए। कोंकण रेलवे के जो स्टॉल्स हैं, वहां एक पॉलिसी बननी चाहिए। सिर्फ लैंड लूजर्स जो हैं, जिन्होंने अपनी ज़मीन दी, जिसके कारण कोंकण रेलवे बनी, उनको ही मिलने चाहिए। उसी तरह से आज वहां की जो एम्पलॉयमेंट है, सिर्फ लैंड लूजर्स को ही मिलना चाहिए लेकिन उस तरह का रवैया हम कोंकण रेलवे में नहीं देख रहे हैं।

इसी तरह से कोंकण रेलवे महाराट्र के बोर्डर से गुजरती है, उसके स्टापेज महाराट्र में कम हैं और कर्नाटक, गोवा तथा केरल में ज्यादा है। इसकी वजह से हमारे यहां से जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। कोंकण में महाराट्र के सबसे गरीब लोग रहते हैं। मैं यह मानता हूं कि कोंकण रेलवे उनके लिए एक आधार है, उस पर ध्यान देना चाहिए।

कोंकण रेलवे पर प्लेटफार्म्स और नए पुल नहीं बन रहे हैं। उसकी वजह यह है कि कोंकण रेलवे को जो घाटा हो रहा है, रेलवे मंत्रालय उसकी सपोर्ट नहीं कर पा रहा है। मैं चाहता हूं कि वन टाइम ग्रांट रेलवे द्वारा कोंकण रेलवे को देनी चाहिए, ताकि वहां प्लेटफार्म्स का अपग्रेडेशन और नए ब्रिजेज़ का निर्माण करने में आसानी होगी।

आपने कोंकण रेलवे में लस्सी देने का प्रावधान किया है। कोंकण रेलवे में ज्यादातर स्टाल कोका कोला के हैं। वहां इंडीजीनेस पेय बनता है, जिसको कोकम कहते हैं। यदि आप वहां कोका कोला का सामना करना चाहते हैं, तो कोकम के स्टाल वहां लगाने चाहिए। इससे लोकल इम्प्लायमेंट भी बढ़ेगा और वहां के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा एक न्यूट्रिशियस और हैल्दी ड्रिंक कोंकण में आएगा। इसलिए पूरे देश में लस्सी के साथ-साथ कोकम को भी देने की जरूरत है।

आपने टिकटलैस पैसेंजर्स का पनिशमनेंट बढ़ाया है। मुम्बई जैसे शहर में टिकट लेने में समय लगता है। लोगों को आफिस पहुंचना होता है इसलिए वे टिकट नहीं ले पाते। यदि वे टिकट न ले पाएं तो उनको 250 रुपए तक फाइन देना होगा। मैं मानता हूं कि यह उनके साथ अन्याय होगा। इसलिए कुछ अन्य प्रावधान होना चाहिए। तीन-तीन महीने का लोग पास बनाते हैं और ट्रैवल करते हैं। पास खत्म हो जाता है, उनको पता नहीं चलता कि कब इसका रिनुअल कराना है। अगर एक दिन पास रिनुअल नहीं हुआ तो उनको 250 रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। वह देने की नौबत न आए, यह आप देखें।

रेलवे में काफी एक्सीडेंट हो रहे हैं। मैं मानता हूं कि टिकट के साथ ही विजिलेंस कवर भी पैसेंजर्स को देने की जरूरत है। अंदर आने के बाद जो बैग्स कैरी करते हैं, उन बैगेज की चोरी हो जाती है, उसका भी इंशोरेंस देना पड़ेगा। मैं मानता हूं कि टिकट के साथ इंशोरेंस को भी देने की आप कोशिश करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, आपने समय दिया, उसके लिए धन्यवाद।

1

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदय, रेल की संरक्षा और सुरक्षा के प्रबंधन की आवश्यकता है। खानपान सुविधा की गुणवत्ता और सफाई के प्रबंध की भी आवश्यकता है। लेवल क्रासिंग पर नो एक्सीडेंट और रेल दुर्घटना से बचाव की जरूरत है। इस तरह के कुछ प्रस्ताव रेल बजट में आए हैं, उनको प्रभावशाली करने की जरूरत है। रेल यात्रा सुरक्षा, लोगों को एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने में सक्षम होगा, मैं चाहता हूं कि रेल यात्रा में सुरक्षा के उपाय करने चाहिए, जिससे आम आदमी की रेल यात्रा सुगम हो सके। उसके लिए आपने प्रावधान किया है और यह भी कहा है कि तीर्थ स्थानों में जाने के लिए लोगों की यात्रा सुगम बनाई जाएगी। इन उपायों को कारगर करने के लिए लम्बी दूरी की सभी रेलगाड़ियों में जनरल कोचेज़ बढ़ाए जाएं।

मैंने रेल बजट पढ़ा है और उसके हर बिंदु का अध्ययन किया है। आपने रेल सुरक्षा की प्रबंध प्रणाली स्थापित करने के लिए अलार्म सिस्टम लगाने की बात कही है. इसमें मेरा कहना है कि इन सभी प्रणालियों के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता है, अन्यथा हर रेल बजट में इस तरह से रेल के आधुनिकीकरण की बात तो होती है और हम उसे पढ़ते हैं, लेकिन वह कार्यान्वित नहीं हो पाती। इसलिए जितने उपाय आपने बजट में किए हैं, वे सुनिश्चित रूप से पूरे हो जाएं, इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाएंगे तो निश्चित रूप से जनता को लाभ होगा।

रेलवे क्रासिंग्स पर काफी एक्सीडेंट होते हैं। इससे काफी बड़ी दुर्घटनाएं भी होती हैं। उनको रोकने के लिए, जहां चौकीदार नहीं है, वहां आप उसकी व्यवस्था करने वाले हैं। मेरा कहना है कि उसको प्राथमिकता के आधार पर करें। बड़े शहरों के बीच में कई ऐसे रेलवे क्रासिंग हैं, जहां कोई चौकीदार नहीं है इसलिए उसकी व्यवस्था वहां की जाए। मेरे क्षेत्र में उज्जैन और देवास के बीच रेलवे क्रासिंग है, वहां आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। इसी तरह मक्सी और देवास का जो खंड बनाया है, वहां भी एक्सीडेंट होते हैं।

अध्यक्ष जी, आपने समय दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे क्षेत्र के आलोट, खाचरोद और उन्हेल प्रमुख स्टेशन हैं। स्टेशनस की बिल्डिंग बहुत पुरानी है। स्टेशन बिल्डिंगस का विस्तार करके उसे सुविधायुक्त बनाया जाए। उसके सामने खुला मैदान है जहां सफाई नही रहती है। उसकी फैंसिंग करके उसे अधिक साफ और सुरक्षित बनाने की आवश्यकता है। प्लेटफार्म्स के उन्नयन करने की आवश्यकता है। आलोट, खाचरोद और उन्हेल के स्टेशनों पर कम्प्यूटराइज्ड रिजर्वेशन की सुविधा होनी चाहिए। इन स्टेशनों पर मावा, सब्जियों का लादान करने की उपयुक्त सुविधा होनी चाहिए। उज्जैन, कोटा, उज्जैन के बीच पैसेंजर गाड़ी, ईएमयू चलाने का प्रबंध करें। उज्जैन-इंदौर-उज्जैन के बीच डीएमयू मीटरगेज और ब्रॉडगेज दोनों पर चलाई जाये। उज्जैन-फतेहाबाद-इंदौर का मीटरगेज से ब्रॉडगेज में कंवर्शन किया जाए। उज्जैन-देवास-इंदौर का विद्युतीकरण करने की आवश्यकता है। उज्जैन-नीलगंगा तथा नागदा बिरला ग्राम की ओर स्टेशनों का विकास किया जाए। उज्जैन-आगर-रामगंज मंडी के सर्वेक्षण को स्वीकृत दी गई है । सर्वेक्षण के बाद निर्माण के काम को तेजी देने का काम किया जाना चाहिए। पलसौड़ा को हाल्ट स्टेशन बनाने का काम करें। आरओबी मक्सी रोड पर बना है। उसको आगर-इंदौर-कोटा मार्ग से जोड़ने के लिए आरओबी की स्वीकृति दें । मक्सीरोड औद्योगिक क्षेत्र के लेवल-क्रासिंग बंद कर दिया गया है, उसे प्रारम्भ किया जाए। उज्जैन-नागदा के स्टेशन पर पोर्टर कुलियों, भारवाहकों के लिए विश्रामालय उपलब्ध कराया जाए। आपने मुझे समय

दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Dr. Satyanarayan Jatiya, I wish I could have given you more time. Thank you for your kind cooperation.

2

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : अध्यक्ष जी, जब तक आलू, तब तक लालू। आज देश लालू जी के बजट को और यूपीए की सरकार को सराह रहा है। कुछ लोगों का कर्म-धर्म मात्र आलोचना करना ही होता है। पूर्व में माननीय नीतीश कुमार जी के समय में जो एक्सीडेंट्स होते थे वर्तमान में ऐसे एक्सीडेंट्स नहीं हुए हैं। माननीया सोनिया गांधी जी और माननीय मनमोहन जी के नेतृत्व में लालू जी ने एक ऐतिहासिक बजट पेश किया है। निश्चित रूप से वे बधाई के पात्र हैं और सब ओर उनकी प्रशंसा हो रही है। मान्यवर, मैं गाजियाबाद-हापुड़ लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। गाजियाबाद और उसके आस-पास पूर्वांचल के लाखों लोग निवास करते हैं जिन्हें गाड़ी पक़ड़ने के लिए दिल्ली आना पड़ता है। पूर्व रेल मंत्री माननीय नीतीश कुमार जी ने गाजियाबाद में बहुत मालाएं गले में डलवाई थीं लेकिन पूर्वांचल की एक भी गाड़ी को रुकवाने का कार्य नहीं किया, जिससे हमारे लोगों को असुविधा हुई। मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करुंगा कि पूर्वांचल के लोगों को सुविधा दिलाने के लिए वहां से पूर्वांचल जाने वाली गाड़ियों को रुकवाने की व्यवस्था करवाई जाए। हापुड़ में गेट नम्बर 73 जो दो बड़े क्षेत्रों को जोडता है उसको खुलवाने की भी वे व्यवस्था करवाएंगे। मोदी नगर जो ट्रेनें आती हैं, हजारों की संख्या में वहां से यात्री गुजरते हैं। वहां पर पैदल चलने वाले लोगों के लिए पैदल-पुल बनाएंगे तो एक्सीडेंट्स में कमी आने की संभावना रहेगी। संभावली में दिल्ली और यूपी को जोड़ने के लिए एक पुल मोहन नगर बाईपास पर बनने जा रहा है। उसका लगभग 63 लाख रुपया गाजियाबाद प्राधिकरण द्वारा निर्गत कर दिया गया है। लेकिन एक छोटी सी रुकावट रेलवे की है। हम अनुरोध करेंगे मान्यवर मंत्री जी से कि वह रुकावट खत्म की जाए जिससे दिल्ली और उत्तर प्रदेश को जोड़ने का जो पुल है निश्चित तौर पर लोगों को उसका लाभ मिले। जब गाड़ी खराब हो जाती है, तो हजारों की संख्या में गाड़ियां खड़ी हो जाती है।

महोदय, तमाम उत्थान के काम रेल मंत्री जी ने किए हैं। कुल्हड़, लस्सी, जलपान, सुरक्षा और खादी और इससे भी ऊपर उन्होंने भारत दर्शन की सुविधा दी है। हम भी बूढ़े हो रहे हैं। किसी भी धर्म के लोगों के लिए, चाहे हिन्दू हों या सिक्ख या मुसलमान, सभी के लिए व्यवस्था की है। इतिहास में पहली बार हुआ है, जो गाते थे, बजाते नहीं थे, लेकिन जिन्होंने गाया नहीं, उन्होंने बजा दिया। निश्चित तौर पर इन सब का लाभ देश की जनता को होगा।

आखिर में, मैं कहना चाहता हूं कि जैसा अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि माननीय रेल मंत्री जी ने भाड़ा नहीं बढ़ाया है, नहीं तो हम बजट का स्वागत करते। मंत्रीजी ने मात्र 20 रुपया जो बढ़ाया है, उस पर ही हंगामा हो रहा है, अगर कहीं रेल भाड़ा बढ़ा देते, तो पता नहीं क्या करते। यह विाय सोचने का है, विचार करने का है। भाड़ा बढ़ाने के लिए भी कहते हैं और विरोध भी करते हैं। रेल मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करते हुए, आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Please take your seat.

Hon. Members, there are three new hon. Members. Because of some disturbance in the House, there was some confusion and they were not aware of the procedure of filing the written statement or written submission. Therefore, they were misled. I am only calling three of them, not creating any precedent. It is a special occasion because they are new hon. Members. I will request them to be very brief and their speech will be added to whatever they have submitted. Please cooperate; only because of their lack of knowledge of the procedure we have been following this.

Shri Lal Singh to speak now.

...(<u>व्यवधान</u>)

अध्यक्ष महोदय : आप पहले मेरी बात सुनिए। आप परेशान क्यों होते हैं, देखिए अंत तक क्या होता है। जो नए सदस्य हैं, उनकी मदद करनी चाहिए।

3

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : अध्यक्ष महोदय, आपने जो कहा है, यह ठीक है कि हमें जानकारी नहीं थी। ऐसा नहीं है कि हम अपनी बात रखना नहीं जानते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि सदन में सभी सदस्य अपने क्षेत्र की नुमाइन्दगी करने के लिए आए हैं।

MR. SPEAKER : Kindly come to the point. I am giving you opportunity and you are wasting it.

CHAUDHARY LAL SINGH : Sir, I am using my opportunity.

MR. SPEAKER : Very good.

चौधरी लाल सिंह : महोदय, रेल बजट माननीय मंत्री श्री लालू प्रसाद जी ने सदन में पेश किया है। मैं इस बजट की ताईद करता हूं। वे काबिल आदमी हैं, उन्होंने गरीबी और मुफलिसी को देखा है, गांवों को देखा है. ऐसा व्यक्ति ही अच्छा बजट बना सकता है। मैं इस मौके पर रियासत-ए-जम्मू-काश्मीर के बारे में कहना चाहता हूं। हम लोग टरमॉयल की स्थिति में है। आप हमारी स्थिति को बेहतर जानते हैं। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि मैं हादसे में बचकर आया हूं। उस हादसे में सात-आठ लोग मारे गए हैं। आप हमारे कस्टोडियन हैं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में जो रेल लाइन है, वह सबसे ज्यादा मेरे निर्वाचन क्षेत्र उधमपुर में आती है जिस में कठुआ से बनिहाल तक की है। इसमें डोडा जिला भी आता हैं और यहां रेल चलती है। जम्मू कश्मीर में और कहीं रेल नहीं चलती है। बाकी जगह काम चल रहा है। मैं लालू जी से कहना चाहूंगा कि जिन किसानों और जमींदारों की जमीनें ली गईं, उनको मुआवजा बहुत कम मिला। वहां बाहर के लोगों को सर्विस दी जा रही है। हमेशा कहा गया कि जिस किसान की जमीन ली जाएगी, ऐसी इफैक्टिड फैमिली के एक आदमी को नौकरी दी जाएगी और योग्यता के मुताबिक काम पर रखा जाएगा। यदि ऐसा नहीं किया तो बड़ी मुसीबत होगी। वहां कॉन्ट्रैक्ट जैसे कई छोटे-छोटे काम है और वहां शॉपिंग कॉम्पलैक्स हैं। ऐसी कई छोटी-छोटी जगहें हैं, जहां उनको काम पर रखा जा सकता है। मैं किसानों की प्रॉबलम इसलिए आपके सामने रख रहा हूं कि उनकी हालत बहुत खराब है। पहाड़ों में मिलिटैंट्स ने उनकी भेड़ें और बकरियां खा ली हैं। उनके पास कुछ नहीं रहा। इसलिए उन्हें स्पैशल ट्रीटमैंट सर्विस में देंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। बहुत

समय से उधमपुर लाइन ऐसे ही पड़ी है। वहां रेलवे स्टेशन बना हुआ है। मेरा सबमिशन है कि उधमपुर के लोग बड़ी आंखें बिछाए बैठे हैं कि कब लालू साहब आएंगे और इसका उद्घाटन करके झंडी हिलाएंगे। इसके बनने से उस इलाके के लोगों को बहुत फायदा होगा। हिमगिरी और मालवा एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज गोविन्दसर, जो डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर कठुआ का है, वहां नहीं है। इसे वहां दो मिनट के लिए रोका जाए। जम्मू-मुम्बई सुपर फास्ट ट्रेन 2471-2472 जो सप्ताह में दो दिन चलती हैं, यह डेली चलनी चाहिए ताकि लोगों को यात्रा करने में सुविधा हो। हमारे यहां शताब्दी नहीं चलती है। उसे भी जम्मू से शुरु करना चाहिए। 65-70 लाख लोग वैणोदेवी के दर्शन करने के लिए वहां आते हैं। आगे-पीछे इनकी संख्या बहुत ज्यादा होती है। हमारे यहां की रेलवे ब्रिज बनाने की भी मांग है। हमारे यहां के पहाड़ी इलाकों में इतने कॉम्पलीकेटिड रास्ते हैं कि एक किनारे से दूसरे किनारे में यात्रियों को ट्रेन दिखायी नहीं देती है जिससे एक्सीडैंट हो जाते हैं - जैसे लखनपुर, जगतपुर, मटांडी, सैंसवां, छन और खतरियां में लगातार एक्सीडैंट हो रहे हैं। यहां रेलवे ब्रिज बनाए जाएं।

हमारे यहां से एक ट्रेन हरिद्वार के लिए जाती है। लोग बुजुर्गों की अस्थियां लेकर हरिद्वार जाते हैं। इसका समय जम्मू से साढ़े ग्यारह बजे का है। डोडा से जम्मू तक का जो सौ किलोमीटर का डिस्टैंस है, वहां पहुंचने में दो बज जाते हैं। इस ट्रेन का चलने का समय जम्मू से आठ पीएम रखा जाए। इतना ही मुझे कहना है। मैं इसी के साथ आपको धन्यवाद देता हूं। पार्लियामैंटरी अफेयर्स मिनिस्टर ने मेरी सिफारिश की है। मैं उनका शुक्रगुजार हूं वरना मेरा काम तमाम हो जाता। इसी के साथ मेहरबानी, शुक्रिया और धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Do not think that because of his *sifarish*, I have called you, but he is always welcome. आप बहुत अच्छा बोले हैं। गुस्सा किस लिए करते हैं?

*CHAUDHARY LAL SINGH : Respect Laloo Prasad Yadavji, the Hon'ble Railway Minister, has presented a historical Budget, without any burden on any person of India. Maximum railway line may be provided in Kathuw, Udhampur and Doda. Services and comforts with shopping compelx should be given to agriculturists. Udhampur Railway Line has been completed and people of that area are eagerly waiting for its inauguration. Gates and bridges may also be constructed on intersection like Lakhampur, Chann, etc. the Jammu-Bombay trains, No. 2471-2472 should run on daily basis along with Rajdhani Trains from Jammu to Delhi should run on alternate day. Hemkund Express for Haridwar should depart from Jammu at 8.00 PM. Shatabdi should start from Jammu. Security arrangements may also be made proper.

*Speech was laid on the Table.

4

*SHRI M. SHIVANNA (CHAMRAJANAGAR): Sir, this is my maiden speech. I would speak in Kannada.

MR SPEAKER: You have given something in writing. So mention only points.

SHRI SHIVANNA: Sir, I congratulate the hon. Railway Minister for presenting an excellent Railway Budget for the year 2004-05. This is the Budget of the common man of this nation wherein there is no hike either in fare or in freight.

MR SPEAKER: Mr Shivanna you can speak in Kannada. We have simultaneous interpretation facility.

SHRI SHIVANNA: This Budget has been applauded by all sections of our country. The hon. Minister has done his best to improve the services in the Indian Railways by introducing some novel objectives. I welcome Lalooji's Railway Budget wholeheartedly.

I thank the hon. Minister for presenting a very good Budget but at the same time I have no other alternative but to say sorry because of the step motherly attitude of the hon. Minister towards Karnataka as far as the allocation of funds is concerned.

Usage of earthen cups replacing plastics is a very good measure and it is employment oriented. In this Budget the hon. Minister has tried to encourage cotton weavers, handlooms and handicrafts.

Three new trains have been introduced in Karnataka. They are Bangalore-Bangarpet Express, Mysore-Dharwar Express and Chennai-Hubli Express. Sankrant Express has been made a daily train. The Budget is very optimistic of completing Hassan-Shravana Belagola broad gauge line. This line would link Hassan-Bangalore broad gauge line which will go a long way in the history of Indian Railways.

Hon. Minister is taking measures to expedite Hassan-Mangalore gauge conversion work and double line between Hospet and Guntakal. He has given top priority for safety measures and he has promptly allocated a substantial amount for this purpose.

Sir, Mr Sreenivasa Prasad who represented my constituency previously took lot of interest to complete the railway line between Chamarajanagar and Mettur. He did his best even when he was a Minister at the Centre to expedite this project. At the time Rs 17 crore were released for the gauge conversion of the above said railway line. On behalf of the people of my constituency I am grateful to hon. Shri Sreenivasa Prasad. The total estimated expenditure for this project is about Rs 176 crore but only Rs 44.29 crore have been allocated in the current Railway Budget. Out of the remaining amount of Rs 132 crore I request the hon. Minister to release at least Rs 100 crore more such that this dream project of the people of my constituency can be completed on time. This railway

line is an important link line between Tamil Nadu, Kerala and Karnataka. This would also help thousands of unemployed youths to get jobs. Business activities in my constituency will get a big boost.

Nanjanagud is a very important pilgrim centre. Therefore the conversion of Mysore-Chamarajanagar should be taken up immediately. Mysore Maharaja initiated this line 78 years ago. This railway line would go *via* Nanjanagud, Gudlur, Mallampura and Nelambur. This would enable the people of Karnataka to go to Kerala directly. Thousands of youths will get jobs. Despite Kaveri and Kabini the district is reeling under severe drought. In addition to this a survey should be ordered by Railway Ministry for a new line between Chamarajanagar and Bangalore *via* Malavalli and Kanakapura.

At least four over bridges have to be constructed on the railway line between Nanjanagud and Chamarajanagar. At the same time a wheel manufacturing factory should be set up in my constituency. Hon. Minister has sanctioned a wheel manufacturing factory to

Chapra in Bihar. The same sympathy should be there for the people of my constituency where poverty is crushing the people. I hope he would allocate sufficient fund for this purpose in the Supplementary Budget.

Circular ring railway should be cleared by the Centre without any further delay. People of Karnataka are demanding for this circular railway for the last three decades. Bangalore-Ramanagar double railway line should be completed on time and this double line should be extended upto Mysore. Electrification of Bangalore-Mysore line is another long pending work. I hope this would also be completed at the earliest.

Total outlay of the Railway Ministry is Rs 14,498 crore. My State Karnataka got only Rs 270 crore. Looking at the above demands of my State, Karnataka the amount for the State for the year 2004-05 should be at least Rs 500 crore.

MR SPEAKER: Mr Shivanna, please conclude. All the points are there in your written speech. All that you are saying is already there in the record.

SHRI SHIVANNA: Sir this is my maiden speech.

MR SPEAKER: It is a very good speech.

SHRI SHIVANNA: Sir I thank you very much for giving me this opportunity to speak on the Railway Budget.

MR SPEAKER: I congratulate you on your maiden speech. So you want more money and very rightly too. The hon. Minister is supporting you. Mr Shivanna I complement you on your maiden speech. I am sure your voters will see how efficiently you have spoken in the Parliament.

---

* Translation of the speech originally delivered in Kannada.

5

श्री वीरचन्द्र पासवान (नवादा) : अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने के लिये समय दिया हैâ€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप क्या-क्या चाहते हैं, उस पर बोलिये।

श्री वीरचन्द्र पासवान : अध्यक्ष जी, मैं आपके आदेशानुसार शौर्ट में और बहुत अल्पसमय में अपनी बात रखूंगा।

श्री लालू प्रसाद : अगर ज्यादा विलम्ब हो तो फिर माननीय सदस्यों के लिये भोजन का इन्तज़ाम करना पड़ेगा।

अध्यक्ष महोदय : वह तो ठीक है। पासवान जी, आप जल्दी जल्दी खत्म कीजिये। भोजन की जरूरत नहीं है।

श्री वीरचन्द्र पासवान : माननीय अध्यक्ष महोदय, वर्ा 2004-2005 के लिए माननीय रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद जी ने जो रेल बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। जो रेल बजट माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, वह वास्तव में एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बजट है।

अध्यक्ष महोदय : आप अपने क्षेत्र के बारे में बोलिये।

श्री वीरचन्द्र पासवान : इस बजट में हिंदुस्तान के हर तबके, हर वर्ग, हर धर्म, हर जाति का पूरा ख्याल रखा गया है। यह बजट पूर्ण रूप से राट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत है, इसमें सभी पर समान दृटि डाली गई है। कोई भी ऐसा तबका नहीं है, जिसे इसमें छोड़ा गया हो। चाहे वह वंचित समाज हो, बुनकर समाज हो, कुम्हार जाति से जुड़ा हुआ व्यक्ति हो, किसान हो या मजदूर हो, इन तमाम लोगों से जुड़े हुए मामलों को इसमें शामिल किया गया है। तमाम लोगों की खुशहाली की बात इसमें सोची गई है। आज सारा हिंदुस्तान इस बजट से आशा और उम्मीद बांधे हुए है और निश्चित तौर पर सभी को रोजी-रोजगार दिलाने में यह बजट सक्षम साबित होगा और आने वाले दिनों में सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के अनुरूप यह बजट अपने आपमें अपनी सिद्धता साबित करेगा, पूरे हिन्दुस्तान को इस बात

का भरोसा है। महोदय, आपने मुझे समय-सीमा में बांध दिया है।

अध्यक्ष महोदय : आप जल्दी से अपने क्षेत्र के बारे में बोलिये।

श्री वीरचन्द्र पासवान : मैं अपने क्षेत्र के बारे में बताता हूं। मैं बिहार से आता हूं। बिहार बहुत समय से काफी उपेक्षित और पिछड़ा रहा है। इसके कई कारण हैं - प्रथम तो वर्षों से कुछ राजनीतिक कारण हैं और इच्छाशक्ति का अभाव भी है। दूसरा प्राकृतिक आपदाएं बाढ़ और सुखाड़ भी प्रमुख कारण रहे हैं। सभी लोग इससे पूरी तरह से अवगत हैं। मैं कहना चाहता हूं कि बिहार की खुशहाली के लिए रेलवे के माध्यम से भी कुछ करने की जरूरत है। इसलिए आपके माध्यम से मेरा अनुरोध होगा कि आदरणीय रेल मंत्री जी बिहार से हैं और हम लोग बिहार के दुख-दर्द और परेशानियों तथा समस्याओं को अच्छी तरह से समझते हैं। जब हम लोग दिल्ली में आये हैं तो इसे हम लोग और ज्यादा झेलने, समझने और इसका निदान करने का प्रयास करते हैं। बिहार के दलित लोग, पिछड़े वर्ग के लोग, कमजोर वर्गों के लोग, चाहे वह ऊंची जाति के कमजोर लोग हों, तमाम ऐसे लोग यहां अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आते हैं, मैं आपसे रिक्वैस्ट करना चाहूंगा कि बिहार से बहुत सारे लोग यहां अपना इलाज कराने के लिए आते हैं। मैं आदरणीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि बिहार में राष्ट्रीय स्तर का एक हार्ट अस्पताल, जहां भी सूटेबल जगह उपलब्ध हो, स्थापित कराने का काम करें। ताकि बिहार के गरीब लोगों को हजारों किलोमीटर दूर यहां आकर इतना पैसा खर्च करके परेशानी न झेलनी पड़े।

अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की बात कहता हूं। माननीय मंत्री जी ने क्यूल-नवादा-गया लाइन के दोहरीकरण के कार्य को इस रेल बजट में शामिल किया है। इसलिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से तथा अपनी ओर से इन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और मंत्री जी का बहुत आभार प्रकट करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : हम भी आपको धन्यवाद देते हैं।

श्री वीरचन्द्र पासवान : मैं एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। जहां पूरे हिन्दुस्तान के लोग, हर तबके के लोग इस बजट की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं पर कुछ बातें सुनकर हमारे जैसा व्यक्ति का और समाज का मन चिंतित और व्यथित होता है। आज कुछ लोग खादी तथा कुल्हड़ की चर्चा करते हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि खादी और कुल्हड़ इस देश की संस्कृति और संस्कार से जुड़े हुए हैं। यह देश की राष्ट्रीय भावनाओं से जुड़े हुए हैं। राष्ट्र को एक रखने में इनकी अहम् भूमिका रही है। खादी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़ी हुई है, कुल्हड़ ग्रामीण संस्कृति और रोजगार से जुड़ा हुआ है। यदि कोई इसका विरोध करता है तो वही व्यक्ति इसका विरोध कर सकता है, जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की हो, उसे खादी और कुल्हड़ कभी पसंद नहीं आयेंगे। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। लेकिन आज जिस मुकाम पर हम लोग हैं, आज देश के सामने जो अहम् समस्या है, उन्हें ध्यान में रखकर आज भी इन लोगों को बुद्धि आ जाए और पुरानी गलतियों से सबक लेकर भविय में आगे राष्ट्रीय भावनाओं के साथ राष्ट्र को एक रखने में, अक्षुण्ण रखने में समरस समाज की स्थापना करने के लिए तथा अपने आचरण में सुधार लाकर इस देश को मजबूत करने का काम करें, इस देश को अक्षुण्ण रखने का काम करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आदरणीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्ति करता हूं और इस बजट की ह्रदय से प्रशंसा करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : आपकी मेडन स्पीच के लिए आपको मुबारकवाद।

***श्री वीरचन्द्र पासवान :** महोदय, भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद जी वर्ष 2004-05 का बजट सदन में प्रस्तुत किया है, जिसमे समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र पर विशेष ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय भावना के अनुकूल काम करते हुए संतुलन बनाने का प्रयास किया है। यह पहला रेल बजट है, जिसमें समाजके बुनकर भाइयों से लेकर कुम्हार भाइयों तथा ग्रामीण उद्योग, सभी के लिए विशेष प्रवाधान करने का प्रयास हुआ है।

रेल मंत्रीजी ने सुरक्षा, संरक्षा, यात्री सुविधा, सफाई, खान-पान जैसे तमाम छोटी-बड़ी सुविधाओं का विशेष ध्यान देने का काम किया है। पहली बार बेरोजगार, शहीदों की विधवाओं, मूक वधिर जैसे तमाम लोगों को विशेष रियायत देने का काम हुआ है। आधुनिक, तकनीक सूचना प्रोद्यौगिक को रेल के विकास हेतु विशेष रूप से समाहित करने का काम हुआ है। रेल बजट अपने आप में ऐतिहासिक बजट है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को विशेष सम्मान एवं आदर देते हुए रेल में खादी, कुल्हड़, मट्ठा के प्रयोग पर बल दिया गया है। हालांकि भाजपा एवं उनके सहयोगी दल के सदस्यों ने इसका विरोध किया है। भाजपा का विरोध उनके विचार एवं संस्कार के अनुरूप है, क्योंकि गांधी की हत्या करने वाले की विचारधारा को मानने वाले साम्प्रदायिक लोग खादी एवं कुल्हड़ कैसे सहन कर सकते हैं।

मैं रेल बजट की प्रशंसा करता हूं, क्योंकि यह सामाजिक न्याय के अनुरूप है। मेरी निम्न मांग है, हाजीपुर में रेलवे के द्वारा राष्ट्रीय स्तर का हार्ट हास्पिटल खुले और हाजीपुर बाजार समिति परिसर में कम्प्युटराइज्ड आरक्षण केन्द्र स्थापित हो।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

(इति)

*Speech was laid on the Table.

MR. SPEAKER: Now, the last speaker, Shrimati Karuna Shukla.

6

श्रीमती करुणा शुक्ला (जांजगीर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, 2004-2005 का रेल बजट जो इस सदन में प्रस्तुत हुआ है, मैं इसका विरोध करती हूँ और आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान पांच बिन्दुओं की ओर आकर्षित करती हूँ।

पहला बिन्दु है कि लंबी दूरी की जो रेल चलती हैं, उनमें महिलाओं के कोच के लिए अगर अलग व्यवस्था की जाएगी तो उससे महिलाओं पर जो अत्याचार अचनाक हो जाते हैं, उनसे उनकी बचत होगी। इसलिए इसकी व्यवस्था की जाए। लोकल ट्रेनों में महिलाओं के लिए एक कोच की व्यवस्था होती है। कम से कम दो कोच की व्यवस्था उसमें की जाए। बहुत सी रेलों में केटरिंग की व्यवस्था नहीं है। इससे यात्रियों को भी असुविधा होती है। बहुत से शुगर के मरीज़ भी अचानक काल-कवलित हो जाते हैं। यदि केटरिंग की व्यवस्था सभी रेलों में होगी तो यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी और रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

आपने बेरोज़गार नौजवानों को जो इंटरव्यू देने के लिए जाएंगे, इनके लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा का प्रावधान रखा है। मेरा आग्रह है कि ऐसी यात्रा का प्रावधान युवतियों के लिए भी रखें। आपने यह मैन्शन नहीं किया है कि जो बच्चे सरकारी नौकरियों में इंटरव्यू देने जाएंगे, उनके लिए यह सुविधा है या प्राइवेट नौकरियों में इंटरव्यूज़ के लिए भी यह सुविधा है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ के साथ इस बजट में बहुत अन्याय हुआ है। बिलासपुर जो रेलवे का सबसे ज्यादा आय देने वाला ज़ोन है, उसको आगे बढ़ाने के लिए आपने कोई प्रावधान नहीं किया है। मेरा आग्रह है कि वहां रेलवे भर्ती बोर्ड की भी स्थापना की जाए।

मेरे क्षेत्र की तीन-चार बातें हैं जो मैं बिन्दुवार आपके सामने रख रही हूँ। पहला - बिलासपुर-निज़ामुद्दीन छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस जो अमृतसर तक चलती है, वह बिलासपुर से प्रारंभ होती है। उसको कोरबा से प्रारंभ किया जाए क्योंकि वह औद्योगिक नगरी है और भारत के सभी प्रांतों के लोग कोरबा में भी रहते हैं।

कोचीन एक्सप्रैस जो बिलासपुर से चलती है, उसको भी कोरबा से प्रारंभ किया जाए। तीसरा एक नैला स्टेशन है। उसमें ज़िले का नाम नहीं जोड़ा गया है। जांजगीर नाम उसमें जोड़ा जाए क्योंकि यात्री जब तक समझें कि नैला आ रहा है तब तक गाड़ी आगे बढ़ जाती है। मैं बहुत देर से उधर के लोगों को धैर्यपूर्वक सुन रही थी और अपनी बात मैं इन पंक्तियों के साथ समाप्त करूँगी -

" रात काली इसलिए दिन में बुराई है, साफ है जल क्योंकि तट के पास काई है।

यूँ न इतराओ सफेदी देखकर अपनी, हर धुली चादर गुनाहों की कमाई है।"

7

***श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) :** मान्यवर, रेल बजट जो वर्तमान में प्रस्तुत हुआ है। इस बजट की ओर मैं आपका ध्यान आकर्ति करते हुए कुछ आवश्यक सुझाव तथा वह काम जो जनहित में अति आवश्यक हैं, जिनका समावेश वर्तमान बजट में नहीं है, उन कार्यो को वर्तमान बजट या पूरक प्रस्ताव में शामिल कराना चाहता हूं।

छत्तीसगढ़ राज्य के प्रवेश द्वार डोंगरागढ़, राजनंदगांव, दक्षिण-पूर्व-मध्य रेल बिलासपुर जोन के अधीनस्थ हैं। ये स्टेशन मुम्बई-हावडा-मुम्बई मुख्य रेलमार्ग पर स्थित है तथा राजनंदगांव डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन दक्षिण पूर्व मध्य रेल नागपुर डिविजन नागपुर का अंतिम एवं जरूरी स्टेशन है। डोंगरगढ़ एवं राजनंदगाव के स्टेशनों को डी0आर0एम0 रायपुर के कार्यक्षेत्र में शामिल किया जाये।

राजनांद गांव को जिले का दर्जा वर्ा 1973 से प्राप्त है। राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले क्रमशः राजनांदगांव एवं कवर्धा तथा आठ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र आदिवासी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जातियों का है। जिले की आबादी लगभग 20 लाख की है।

छत्तीसगढ़ नए राजय का गठन 1 नवम्बर, 2000 को हुआ। जिसकी राजधानी रायपुर है। राजनांदगांव जिला रायपुर संभाग में आता है।

राजनांदगांव रेलवे स्टेशन

1. साप्ताहिक गाड़ी क्रमांक 1046/1045 भुनेश्वर-कुर्ला-भुनेश्वर, गाड़ी क्रमांक 2811/2812 कुर्ला-हटिया-कुर्ला एक्सप्रेस का स्टापेज दिया जाये।
2. सुपर डीलक्स गाड़ी क्रमांक 2101/2101 हावडा-मुम्बई-हावडा सप्ताह के चार दिन चलने वाली गाडी का स्टापेज दिया जाये।
3. गाडी क्रमांक 2441/2442 बिलासपुर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का राजनांदगांव में स्टापेज दिया जाये।
4. गाडी क्रमांक 7383/7384 कोल्हापुर-गोंदिया महाराट्र एक्सप्रेस का विस्तार दुर्ग तक किया जाये। यह ट्रेन गोंदिया स्टेशन पर 12 घंटे खड़ी रहती है गोंदिया दुर्ग मात्र 137 कि0मी0 है।
5. सारनाथ एक्सप्रेस गाड़ी क्रमांक 5159/5160 छपरा-दुर्ग-छपरा का विस्तार डोंगरगढ़/गोंदिया तक कया जाये।

*Speech was laid on the Table.

6. 1 जुलाई, 2002 से टाटा-नागपुर-टाटानगर 321/322 पैसेंजर बंद कर उसकी जगह 375/376 राजयपुर-नागपुर-रायपुर मेमू रेक चलाया जा रहा है। रायपुर-नागपुर के बीच 300 की0मी0 से अधिक की दूरी तय करने वाली यह गाडी 9 घंटे में अपना सफर पूरा करती है वह भी बिना टॉयलेट की सुविधा के। देखा गया है कि महिलायें बिना संकोच के लघुशंका के लिये प्लेटफॉर्म पर ही बैठ जाती हैं। यह भारतीय संस्कृति, परम्परा के प्रतिकूल ही नहीं बल्कि सभ्य एवं मर्यादित समाज के मान वीय मूल्यों के विरूद्ध है। पुनः विचार कर जनहित में 375/376 रायपुर-नागपुर-रायपुर पैसेंजर को मेमू रेक के स्थान पर एयरब्रेक रेक से पूर्ववत समय पर चलाने हेतु आ वश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को देने की कृपा करेंगे।

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन -

1. गाड़ी नं0 2409/2410 गोंडवाना एक्सप्रेस (महामाया) बिलासपुर-ह.निजामुद्दीन-बिलासपुर का स्टापेज दिया जाये। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आता है। जिसका महत्व मां बम्लेश्वरी मंदिर के कारण है। साल में दो बार चेत्र एवं क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर एक एक माह का मेला लगता है। यहां लाखों दर्शनार्थी आते हैं। सामान्य दिनों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है।

   डोंगरगढ़ में हिन्दू, इसाइ, जैन, बौद्ध एवं भिन्न समुदाय के अलग अलग धार्मिक स्थल हैं, जिसका अपना अलग अलग महत्व है। इस तरह डोंगरगढ़ सर्व धर्मा वलंबी पवित्र स्थान के नाम से प्रसिद्ध है। डोंगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र अनुसूचित जाति में आता है।

2. डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में जो वर्तमान ओवर ब्रिज है वह यात्रियों की वृद्धि को मद्देनजर रखते हुए काफी संकरा है, जो 45 साल पुराना है। समय तथा यात्रियों के दवाब को देखते हुए नए चौड़े ब्रिज की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अतः इसके नवनिर्माण के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करेंगे।
3. डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर छोटे रूप में टर्मिनल प्वाइंट एवं वाशिंग प्लेटफार्म (पिट एवं वाशिंग लाइन) का निर्माण किया जाये ताकि ट्रेनों का विस्तार एवं प्रारंभ डोंगरगढ़ तक हो सके।

अतएव आपसे सादर सविनय निवेदन है कि आप जैसे संवेदनशील और उदार व्यक्तितत्व के धनी नेतृत्व जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए उपर्युक्त रेल सुविधाओं की घोाणा करने की कृपा करेंगे, जिसके लिए मैं एवं मेरे संसदीय क्षेत्र की पूरी जनता आपके सदैव ऋणी रहेंगे। दुर्ग से दरभंगा (बिहार) के लिए एक गाडी छत्तीसगढ से शीघ्र प्रारम्भ की जावे । ताकि बिहार के नागरिक काफी संख्या में छत्तीसगढ में रहते है, उन्हें इसका लाभ मिल सके ।

8

***श्री कृणा मुरारी मोघे (खरगौन) :** अध्यक्ष महोदय, शासन क रेल बजट के भााण से यह प्रतीत होता है कि यह बजट केवल खानापूर्ति करने एवं रस्म अदायगी करने के लिए लाया गया है। इस बजट से विशेाकर आदिवासी तथा दूरदराज के अति पिछड़े क्षेत्रों जैसे मध्य प्रदेश का खरगोन, बड़वानी, धार तथा झाबुआ जिलों की पूरी तरह से उपेक्षा की गयी है।

आजादी के 57 सालों के बाद भी इन क्षेत्रों में आदिवासियों और निर्धन वर्ग के लोगों के लिए रेल एक सपना है। निमाड़ के इस अंचल में रेल सुविधायें पहुंचे, इसके लिए मैं चाहता हूं कि रेल मंत्री महोदय पूर्व से स्वीकृत इन्दौर-दाहोद रेलवे लाइन के कार्य को भी स्वीकार करें, जिससे कि मध्य प्रदेश के खरगौन, बड़वानी, धार तथा झाबुआ जिलों में भी रेलवे लाईन पहुंच सके।

महोदय, रेल बजट पूर्णतः दिशाहीन, विकास की संभावनाओं को दमन करने वाला तथा समाज के सबसे गरीब आदिवासी पिछड़े वर्ग के लोगों में घोर निराशा को बढ़ाने वाला है।

क्या देश की आजादी के 57 साल बीत जाने के बाद भी इन रेल मार्ग से अछूते क्षेत्रों को रेल की सुविधा दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता नहीं होनी चाहिये। मेरे स्वयं के निर्वाचन क्षेत्र में मात्र 20 किलोमीटर की रेल लाइन है, वह भी अंगेजों ने अपनी सैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए डाली थी, जो मीटर गेज लाईन है। यह लाइन अजमेर से खण्डवा अमान परिवर्तन के कार्य में इन्दौर से खण्डवा तक के मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तन करने की स्वीकृति दी जानी चाहिय, जिससे मुम्बई से दिल्ली तक के लिए अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा।

महोदय, आपके माध्यम से रेल मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि आदिवासी तथा पिछड़े हुए लोगों के विकास की चर्चा तो आपने काफी की है पर आपके बजट भाष ाण में उनके उत्थान हेतु क्रियान्वयन किये जाने के कोई भी लक्षण उसमें दिखायी नहीं देते हैं।

महोदय, इसी के साथ आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से एक विशेा अनुरोध करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में ओमकारेश्वर भगवान शिव के 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक ज्योर्तिलिंग धार्मिक दृटि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। देश भर से अपनी धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद लोग ओमकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के दर्शन हेतु ओमकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर आते हैं। इस स्टेशन पर कम्प्यूटराइज आरक्षण केन्द्र खोले जाने से देश भर से आने वाले यात्रियों को सुविधा होगी।

*Speech was laid on the Table.

अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि रेल बजट के अपने समापन भााण में ओमकारेश्वर रोड पर कम्प्यूटराइज आरक्षण केन्द्र की स्थापना की घोाणा करें एवं साथ ही रेलवे लाइन विहीन जिला केन्द्रों पर भी रेलवे आरक्षण की कम्प्यूटराइज केन्द्र जैसे खरगोन, बड़वानी, धार तथा झाबुआ जिला केन्द्रों पर खोले जाने की घोाणा करें।

9

* SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH (BHILWARA): Sir, I take this opportunity to speak on the Railway Budget 2004-05 and I find that beside being a populist budget. There is very little of progress and their thinking for the Railway to take it forward in the millennium.

Old projects have been mentioned but no clear targets set for the completion of such old Railway line doubling or even broad gauge conversions. Such projects have been lingering for many years. It would have been in fitness of things if targets were set for them.

Rajasthan has also not been given the due funds and allocations; specially the broad gauge conversion between Ajmer and Chittagarh. This project of Rajasthan would give us and our state a new route to Madhya Pradesh and Mumbai and thereby for South too. This broad gauge conversion is of immense importance to Rajasthan Industries and tourism in Rajasthan. I hope the minister will give us a assurance for this broad gauge conversion between Ajmer and Chittoregarh is done time bound and target set for 2005-06 for completions and commissioning.

MR. SPEAKER: The time allotted for this discussion has been over. The hon. Minister will reply tomorrow. Those hon. Members who wish to lay their speeches can submit written statements tomorrow.

20.38 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, July 14, 2004/Asadha 23, 1926 (Saka).